वर्ष 24, अंक 212, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज    मंगलवार 10 फरवरी 2026    विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### सेशेल्स बना भारत का रणनीतिक साथी

## पूरे हिंद महासागर में भारत का जाल फैलाने में जुटे हैं पीएम



**नई दिल्ली**

सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉक्टर पैट्रिक अर्मिनी की भारत यात्रा ऐसे समय हुई है जब हिंद महासागर विश्व राजनीति का नया रणक्षेत्र बनता जा रहा है। इस पृष्ठभूमि में नई दिल्ली ने साफ संकेत दिया है कि वह अपने समुद्री पड़ोसियों के साथ रिश्तों को केवल शिष्टाचार तक सीमित नहीं रखेगी, बल्कि उन्हें सामरिक, आर्थिक और तकनीकी ताकत में बदलेगी। यही कारण है कि इस यात्रा ने भारत सेशेल्स संबंधों को एक नए चरण में पहुंचा दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति अर्मिनी की मौजूदगी में दोनों देशों ने कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये। सबसे बड़ी घोषणा रही सेशेल्स के लिए 175 मिलियन अमेरिकी डॉलर की विशेष आर्थिक सहायता योजना। यह सहायता सामाजिक आवास, विद्युत गतिशीलता, व्यावसायिक प्रशिक्षण, स्वास्थ्य, रक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसी ठोस परियोजनाओं पर खर्च होगी। साफ है कि भारत केवल वादे नहीं, जमीन पर दिखने वाले काम चाहता है।

प्रधानमंत्री ने दो टूक कहा कि विकास साझेदारी ही दोनों देशों के संबंधों की मजबूत नींव है और भारत के सभी प्रयास सेशेल्स की जरूरतों पर आधारित हैं। स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने, वित्त तकनीक और डिजिटल समाधान पर साथ काम करने तथा डिजिटल रूपांतरण में भारत के अनुभव को साझा करने पर सहमति बनी। इससे शासन, सेवा वितरण और पारदर्शिता में तेजी आने की उम्मीद है।

सेशेल्स के सरकारी अधिकारियों के प्रशिक्षण के लिए भी समझौता हुआ है। भारत का क्षमता निर्माण कार्यक्रम पहले से ही सेशेल्स के मानव संसाधन को मजबूत करता रहा है। अब इसे और गति दी जाएगी ताकि युवाओं को कौशल और रोजगार के अवसर मिलें। स्वास्थ्य क्षेत्र में सस्ती और अच्छी दवाओं की आपूर्ति, चिकित्सीय पर्यटन और स्वास्थ्य ढांचे के विकास पर जोर रहेगा।

साथ ही ऊर्जा और जलवायु के क्षेत्र में दोनों देश मिलकर तेजी से काम करेंगे। साफ और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा दिया जाएगा, जलवायु बदलाव से निपटने के उपाय खोजे जाएंगे और ऐसी अवसंरचना बनाई जाएगी जो आपदाओं को झेल सके। स्वच्छ सार्वजनिक परिवहन और बिजली से चलने वाले वाहनों पर भी जोर रहेगा। साथ ही पर्यटन, शिक्षा, संस्कृति और खेल के माध्यम से दोनों देशों के लोगों को और करीब लाने की कोशिश होगी, खास तौर पर युवाओं के आदान प्रदान को बढ़ावा दिया जाएगा।

इसके अलावा, समुद्री पड़ोसी होने की वजह से समुद्र आधारित अर्थव्यवस्था दोनों देशों के सहयोग का स्वाभाविक क्षेत्र है। समुद्री अनुसंधान, प्रशिक्षण और जानकारी साझा करने में भारत सेशेल्स की मदद करेगा।

रक्षा सहयोग और समुद्री सुरक्षा इस रिश्ते की रीढ़ हैं। सेशेल्स को कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन का पूर्ण सदस्य बनाए जाने पर प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे हिंद महासागर में शांति और स्थिरता मजबूत होगी।

## पाकिस्तान ने लिया यू-टर्न, 2026 टी20 वर्ल्ड कप में भारत के साथ खेलने को राजी





**नई दिल्ली**

**पाकिस्तान** टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के साथ खेलने को राजी हो गया है. तय शेड्यूल अनुसार यह मैच 15 फरवरी को कोलंबो में खेला जाना है. पाकिस्तान ने लाहौर में हुई मीटिंग के बाद यह फैसला लिया है. इस बैठक में पाकिस्तान और बांग्लादेश ने आईसीसी के सामने कई डिमांड रखी थीं, जिनमें से कुछ मांगों को स्वीकार कर लिया गया है. बांग्लादेश को टी20 वर्ल्ड कप 2026 से बाहर कर दिया गया था. लाहौर में हुई बैठक में मांग रखी गई कि वर्ल्ड कप से बाहर होने पर भी बांग्लादेश को मुआवजा दिया जाए. इस पर अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद राजी हो गया है. मुआवजे के रूप में बांग्लादेश को अंडर -19 वर्ल्ड कप और महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप की मेजबानी दी जा सकती है. दूसरी ओर पाकिस्तान ने आईसीसी राजस्व में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने की मांग की थी. रिपोर्ट्स अनुसार अभी आईसीसी राजस्व में हिस्सेदारी 5.75 प्रतिशत है, जो लगभग 34-35 मिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर बताया जाता है. आईसीसी ने पाकिस्तान की इस मांग पर भी विचार करने की बात कही है।

## 'RJD ने कुछ नहीं किया', राबड़ी का जवाब 'Law and Order फेल'

**बिहार**

**बिहार** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को विधानसभा में आरजेडी पर हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि सत्ता में रहते हुए उसने महिलाओं के लिए कोई काम नहीं किया। राज्य में यौन उत्पीड़न के मामलों में कथित वृद्धि के विरोध में विपक्षी विधायकों ने प्रदर्शन किया। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही, राबड़ी देवी के नेतृत्व में विपक्षी सदस्यों ने नारे लगाने शुरू कर दिए और राज्य में हाल ही में हुई बलात्कार की घटनाओं पर मुख्यमंत्री से स्पष्टीकरण मांगा। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में बलात्कार की घटनाएं आम बात हो गई हैं। हंगामे के बीच, सदन में मौजूद कुमार बोलने के लिए खड़े हुए। आरजेडी को निशाना बनाते हुए उन्होंने कहा कि जब वे सत्ता में थे, तब उन्होंने कोई काम नहीं किया। उन्होंने महिलाओं के लिए कुछ नहीं किया। 2005 में हमारे सत्ता में आने के बाद से बिहार का सर्वांगीण विकास हुआ है और राज्य हर मोर्चे पर प्रगति कर रहा है।

## मेरे गलवान वाले बयान से डरे हुए हैं प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली**

**कांग्रेस** सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि विपक्षी सांसदों द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को धमकी देने का कोई सवाल ही नहीं उठता, लेकिन उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे के संस्मरण का हवाला देते हुए 2020 के गलवान घाटी संघर्ष पर दिए गए अपने बयान के कारण सदन में आने से 'डर' रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि सरकार ने सदन को स्थगित कर दिया क्योंकि वह नहीं चाहती थी कि वह इस मुद्दे को संसद में उठाएं।

संसद परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने दावा किया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सदन में झूठ बोला है, क्योंकि नरवणे का संस्मरण प्रकाशित हो चुका है और उनकी प्रति उनके पास है। उत्तर प्रदेश के रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सांसद गांधी ने कई विपक्षी सांसदों के निलंबन को लेकर सरकार की आलोचना भी की। गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री सदन में आने से डर रहे थे, सदस्यों की वजह से नहीं, बल्कि मेरी बातों की वजह से। वे अब भी डरे हुए हैं क्योंकि वे सच्चाई का सामना नहीं कर सकते। हमारे सदस्यों द्वारा प्रधानमंत्री पर हमला करने का तो सवाल ही नहीं उठता। उन्हें आने का साहस दिखाना चाहिए।

गांधी ने आगे कहा कि मैंने यह भी कहा था कि अगर कोई कहता है कि वह प्रधानमंत्री पर हमला करने जा रहा है, तो कृपया तुरंत एफआईआर दर्ज करें। उस व्यक्ति को गिरफ्तार करें। आप ऐसा क्यों नहीं कर रहे हैं? तो असल में यही हुआ है।

## शहर से गांव तक हम ही नंबर वन- फडणवीस




**महाराष्ट्र**

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि स्थानीय निकाय चुनावों के बाद भाजपा शहरी, अर्ध-शहरी और ग्रामीण महाराष्ट्र में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों में राज्य की जनता ने एक बार फिर महायुति गठबंधन पर अपना भरोसा जताया है। अब तक के रुझानों और परिणामों के अनुसार, महायुति गठबंधन अधिकांश स्थानों पर आगे चल रहा है।

कोल्हापुर और लातूर में, जहां तीनों पार्टियों ने एक साथ चुनाव लड़ा, महायुति गठबंधन विजयी रहा। भाजपा ने इस बार अपना ही 2017 का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 2017 में भाजपा ने 284 सीटें जीती थीं, जबकि इस बार उसने 410 सीटें अपने नाम कर ली हैं। पंचायत समिति चुनावों में महायुति गठबंधन ने 125 पंचायत समितियों में से 100 से अधिक सीटों पर जीत हासिल की है। हालांकि, दुर्भाग्यवश वरिष्ठ नेता अजीत पवार का चुनाव से ठीक पहले निधन हो गया, जो महायुति गठबंधन के लिए एक बड़ा झटका था।

उन्होंने कहा कि ये परिणाम महाराष्ट्र के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की मानसिकता को स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि सभी परिणाम अभी घोषित नहीं हुए हैं, लेकिन अब तक के परिणामों के अनुसार, भाजपा राज्य में नंबर एक पार्टी बनकर उभरी है। इसके सहयोगी दलों का प्रदर्शन भी काफी मजबूत रहा है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि भाजपा को केवल शहरी पार्टी मानने की धारणा 2014 में ही गलत साबित हो गई थी।

## एसआईआर प्रक्रिया में बाधा बर्दाश्त नहीं-सुप्रीम कोर्ट



**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम बंगाल** में विशेष जांच रिपोर्ट (एसआईआर) को लेकर सुनवाई के दौरान, भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने स्पष्ट किया कि सर्वोच्च न्यायालय एसआईआर प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आने देगा। उन्होंने कहा कि जहां भी सुधार की आवश्यकता होगी, वहां आदेश जारी किए जाएंगे,

लेकिन इस बात पर जोर दिया कि किसी भी प्रकार की रुकावट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीजेआई ने टिप्पणी की कि सभी राज्यों को यह समझना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल में दस्तावेजों के सत्यापन और अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन की 14 फरवरी की समय सीमा को एक सप्ताह बढ़ाकर 21 फरवरी कर दिया।

सीजेआई ने यह भी कहा कि यदि अधिकारियों की सूची 5 फरवरी तक प्रस्तुत कर दी गई होती, तो भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) अब तक निर्णय ले चुका होता। न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारी की पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि पुनरीक्षण प्रक्रिया निर्धारित समय के अनुसार ही आगे बढ़नी चाहिए। चुनाव आयोग की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता डी.एस. नायडू ने मतदाता पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) की नियुक्ति पर गंभीर चिंता व्यक्त की।

उन्होंने तर्क दिया कि ईआरओ अर्ध-न्यायिक कार्य करते हैं और इसलिए उनके पास पर्याप्त न्यायिक अनुभव होना आवश्यक है। नायडू ने बताया कि ईसीआई ने लगभग 300 ग्रुप बी अधिकारियों की मांग की थी, लेकिन ऐसे अनुभव वाले केवल 64 अधिकारियों को ही नियुक्त किया गया।

## फिर हंगामे की भेंट चढ़ी लोकसभा की कार्यवाही

### राज्यसभा में बजट पर चर्चा



**नई दिल्ली**

सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष के नेता राहुल गांधी की इस मांग को लेकर सरकार और विपक्ष के बीच गतिरोध बना हुआ था कि केंद्रीय बजट पर चर्चा शुरू होने से पहले उन्हें बोलने की अनुमति दी जाए। इस बीच, राज्यसभा में केंद्रीय बजट 2026-27 पर चर्चा शुरू हो चुकी है। पिछले सप्ताह, लोकसभा ने प्रधानमंत्री के पारंपरिक उत्तर के बिना, भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के साथ-साथ सदन द्वारा विपक्ष के नेता राहुल गांधी को अपना भाषण देने की अनुमति न दिए जाने के विरोध में विपक्ष के मुखर विरोध के बीच, ध्वनि मत से धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। वहीं, संसद के दोनों सदनों में पिछले सप्ताह शुक्रवार को अंडर-19 क्रिकेट विश्वकप जीतने वाली भारतीय टीम को सोमवार को बधाई दी गई।

लोकसभा की कार्यवाही

लोकसभा में बजट पर चर्चा से पहले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को अन्य विषय पर आसन से बोलने की अनुमति नहीं मिलने के बीच कांग्रेस सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की बैठक दो बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सदन में दावा किया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उन्हें बजट पर चर्चा शुरू करने से पहले अपनी बात रखने की अनुमति देने का वादा किया है, वहीं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि कांग्रेस नेता की बात शत-प्रतिशत सही नहीं है और अध्यक्ष ने कांग्रेस नेता से कहा था कि पहले वह विषय बताएं जो वह सदन में उठाना चाहते हैं।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को कुछ अन्य विपक्षी नेताओं के साथ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की और उन्हें उन मुद्दों से अवगत कराया जिन्हें वे सदन में उठाना चाहते हैं। यह बैठक कुछ ही मिनट चली। यह उस समय हुई जब लोकसभा में बजट पर चर्चा से पहले राहुल गांधी को अन्य विषय पर आसन से बोलने की अनुमति नहीं मिलने के बीच कांग्रेस सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की बैठक दो बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई।

कांग्रेस ने विपक्ष द्वारा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने की तैयारी संबंधी खबरों को लेकर सोमवार को कहा कि ह्यकार्रवाई का इंतजार कीजिए।

## देहरादून में निर्माण कार्यों पर प्रशासन की सख्ती, सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर सभी अनुमतियां रद्द

**उत्तराखंड**

**उत्तराखंड** में देहरादून जिला प्रशासन ने शहर में चल रहे निर्माण कार्यों में सुरक्षा मानकों की घोर अनदेखी को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए सभी निर्माण अनुमतियों को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया है. जनवरी माह में आपदा नियंत्रण कक्ष से जारी सभी कार्यालयीन स्वीकृतियों को रद्द करते हुए प्रशासन ने संबंधित विभागों को कड़े निर्देश जारी किए हैं. जिला प्रशासन ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया है कि वे 24 घंटे के भीतर अपनी समस्त मशीनरी एवं निर्माण सामग्री कार्यक्षेत्र से हटाएं. साथ ही, सड़कों को 10 दिनों के अंदर पूर्व स्थिति में लाना अनिवार्य किया गया है.

सुरक्षा मानकों का खुलेआम उल्लंघन

जिला प्रशासन के संज्ञान में आया कि विभिन्न विभागों द्वारा सड़क कटाई कार्यों के दौरान निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जा रहा था. न ही किसी प्रकार की उचित सुरक्षा संकेतकों की उपस्थिति पाई गई ना ही किसी प्रकार की बैरिकेडिंग की व्यवस्था इन निर्माण कार्यों मे आम जनता के लिए सुरक्षा उपायों की कमी भी देखने को मिली , सक्षम अधिकारियों भी कार्यस्थल पर व्यक्तिगत निगरानी करते नजर नहीं आए, साथ ही ठेकेदारों के कार्यों की समुचित समीक्षा मे भी अभाव देखा गया.

बार-बार चेतावनी के बावजूद नहीं सुधरे हालात

जिला प्रशासन की क्विक रिस्पांस टीम द्वारा समय-समय पर किए गए निरीक्षणों में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं. जुमार्ना, मुकदमे दर्ज करने और अन्य दंडात्मक कार्रवाइयों के बावजूद संबंधित विभागों ने अपेक्षित सुधार नहीं किया. इन लापरवाहियों के कारण शहर के अनेक स्थानों पर अव्यवस्थित स्थिति उत्पन्न हो गई है।

## 'मरने वाला हिंदू कौन, यह सब दलित...',- सीएम योगी

### बंट गए तो फिर कटने के रास्ते भी खुलेंगे



**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश में हो रही हिंसा को लेकर बड़ा बयान दिया है. सीएम योगी ने कहा कि याद रखना सनातन कमजोर होगा तो देश कमजोर होगा. देश कमजोर होगा तो सनातन के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा होगा. जाति क्षेत्र और भाषा उसके सामने कोई मायने नहीं रखेगी और इसलिए इस बात को ध्यान में रखना.

सीएम योगी ने कहा इस बात को ध्यान में रखना कि जो बांटने वाले लोग हैं ना जाति के नाम पर, क्षेत्र के नाम पर, भाषा के नाम पर इन लोगों से सावधान रहना. याद करिए ना बांग्लादेश के मुद्दे पर ये सब मौन है. बांग्लादेश में जो मारे जा रहे हैं हिंदू हर दिन आप सुनते होंगे, एक हिंदू जला दिया गया. एक हिंदू के घर में आग लगाकर के मार दिया गया. राह चलते हुए एक हिंदू को जला दिया गया.

मरने वाला हिंदू है कोई नहीं बोलेगा- सीएम योगी

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रतिदिन समाचार आ रहे हैं बांग्लादेश से, ये सब मौन हैं. ये मरने वाला हिंदू कौन है? यह सब दलित हिंदू हैं, कोई नहीं बोल रहा है. केवल कुछ हिंदू संगठनों को छोड़ दिया जाए और धमार्चार्यों को छोड़ दिया जाए. लगता है सबका मुंह बंद हो गया है, क्योंकि मरने वाला हिंदू है कोई नहीं बोलेगा. उसके लिए कोई मानव अधिकार नहीं है. उसके लिए कोई दुनिया का संगठन वकालत करने वाला नहीं है और मैं यही आपसे कहूंगा इन नेताओं के बहकावे में आने की आवश्यकता नहीं. बंटने की आवश्यकता नहीं, ये जो जाति के नाम पर बांटना चाहते हैं, आपको तमाम प्रकार के वादों में बांटना चाहते हैं. इस बहकावे में भूल से भी मत आना.

बंट गए तो फिर कटने के रास्ते भी खुल जाएंगे- सीएम योगी

सीएम योगी ने कहा कि देश का दुश्मन आंखें लगाए बैठा है. आप बंट गए तो फिर कटने के रास्ते भी खुल जाएंगे, उसको कभी मत होने देना. देश अच्छी दिशा में आगे बढ़ रहा है, देश आगे बढ़ेगा. पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने एक लंबी यात्रा तय कर ली है और भारत एक लंबी यात्रा के लिए अपने आप को तैयार कर रहा है. भारत दुनिया की एक बड़ी ताकत बनेगा, कोई दुनिया की ताकत अब भारत को रोक नहीं सकता है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से गिरधरपुर के दो युवकों की मौत

## मांडा में लापरवाह चालक पर मुकदमा दर्ज, तलाश जारी




अखंड भारत संदेश

**मांडा।** थाना क्षेत्र के बोधिपुर में एक ट्रैक्टर की टक्कर से दो युवकों की मौत हो गई। यह घटना 31 दिसंबर की शाम को हुई थी, जिसमें अभिषेक पांडेय और अंकित पांडेय गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इलाज के दौरान दोनों की मृत्यु हो गई। गिरधरपुर गांव निवासी प्रमोद पांडेय ने मांडा थाने में तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि 31 दिसंबर की शाम करीब 7:30 बजे उनके पुत्र अंकित पांडेय और भतीजा अभिषेक पांडेय (पुत्र विनोद पांडेय) बोधिपुर में सड़क किनारे मोटरसाइकिल खड़ी कर किसी आवश्यक कार्य से खड़े थे। तभी दसवार निवासी राहुल पुत्र संगम लाल ने अपने स्वराज ट्रैक्टर (वाहन संख्या यूपी 70 ई एल 0858) को लापरवाही और तेज गति से चलाते हुए गलत दिशा से आकर दोनों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। अभिषेक पांडेय की मृत्यु 1 फरवरी की रात को हुई, जबकि अंकित पांडेय ने 4 फरवरी को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दोनों युवकों के अंतिम संस्कार के बाद, प्रमोद पांडेय ने मांडा थाने पहुंचकर इस संबंध में मुकदमा दर्ज कराया।

मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा ने पीड़ित की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक राहुल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने पीड़ित परिवारों से की मुलाकात मांडा क्षेत्र में हुई घटनाओं पर जताया शोक

अखंड भारत संदेश



**मांडा।** पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक सिंह ने क्षेत्र में हुई विभिन्न घटनाओं के पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर शोक व्यक्त किया। उन्होंने लगातार पच्चीस वर्षों तक क्षेत्र में अपनी सेवाएं दी हैं।

सिंह ने गिरधरपुर गांव निवासी विनय पाण्डेय और उनके छोटे भाई प्रमोद पाण्डेय के घर पहुंचकर संवेदना व्यक्त की। उनके दो बेटों की 31 दिसंबर को एक सड़क हादसे में मृत्यु हो गई थी। एक ही परिवार के दो बेटों के निधन से गहरा दुख व्यक्त किया गया।

इसी क्रम में, उन्होंने नहवाई गांव निवासी लल्लन तिवारी के पिता के निधन पर उनके घर जाकर शोक जताया। इसके अतिरिक्त, बभनी हेठार गांव निवासी शिव चंद्र चतुर्वेदी की भाभी (सेवानिवृत्त ग्राम पंचायत अधिकारी) के निधन की सूचना पर भी उनके आवास पर पहुंचकर शोक व्यक्त किया। उन्होंने सैबसा ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान बबलू पांडेय के घर भी जाकर संवेदनाएं प्रकट कीं। इस दौरान सुजीत केशरी, महेश मिश्रा, राम मूर्ति पाण्डेय, सुशील चौबे सहित कई अन्य लोग भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

# ककरम गांव में जबरन हरे आम के पेड़ की डालियां काट दी गई, दी गई लिखित तहरीर

अखंड भारत संदेश



**करछना ।** थाना क्षेत्र के ककरम गांव में एक किसान का गांव के ही कुछ अराजकतत्वों की ओर से हरे आम के पेड़ की डालिया जबरन काट दी गई। मना करने पर एससी एसटी के मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई । भुक्तभोगी की ओर से रविवार को ज्ञात व अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ करछना थाने में लिखित तहरीर देकर के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। करछना थाना क्षेत्र के ककरम गांव निवासी किसान राम मटुक शुक्ल का उनके खेत के समीप व सड़क के किनारे हरे आम का वृक्ष है। उन्होंने बताया कि 5 फरवरी को गांव के ही मजरा तेली का पूरा गांव निवासी लोग आए और हरे आम के पेड़ की मोटी- मोटी डालिया जबरन काटने लगे। मना करने पर वे लोग भाग निकले। वहीं 5 फरवरी की रात्रि में किसान की गेहूं की सिंचाई के लिए बिछाई गई पाइप को काट डाला । और दूसरे दिन गांव के लोग इकट्ठे होकर हरे आम की कई डालियो को काट दिया। किसान की ओर से यूपी पुलिस 112 और इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। मौके पर प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंचे । किसान राम मटुक शुक्ल की ओर से रविवार को करछना थाने में ककरम गांव के मजरा तेली का पूरा गांव निवासी वीरेंद्र कुमार, सुभाष,सुरेंद्र कुमार पुत्र राम सजीवन ,वीरेंद्र कुमार पुत्र रामकरन, राजेंद्र प्रसाद पुत्र छोटेलाल ,लाल बहादुर पुत्र शंकर लाल सहित अन्य कई अज्ञात लोगों के खिलाफ आम के पेड़ काटने के आरोप में लिखित करछना थाने में तहरीर दे करके दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है ।

# अल्ट्राटेक : सड़क सुरक्षा सप्ताह के पांचवें दिन चालकों को मिला प्रशिक्षण



**शंकरगढ़।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत पाँचवें दिन अल्ट्राटेक सीमेंट, बारा में वाहन चालकों और परिवहन कर्मियों के लिए विशेष सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम टाटा मोटर्स तथा कमिंस अधिनायक मोटर्स, शंकरगढ़ के सहयोग से संपन्न हुआ।कार्यक्रम के दौरान टाटा मोटर्स की तकनीकी टीम ने नए ट्रक यार्ड में वाहनों की सामान्य और निवारक तकनीकी जांच की। प्रशिक्षण सत्रों में सुरक्षित ड्राइविंग, वाहनों के नियमित रखरखाव और दुर्घटनाओं की रोकथाम पर जोर दिया गया।

प्लांट लॉजिस्टिक्स टीम ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा कंपनी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने ड्राइवरों और परिवहन साझेदारों से जिम्मेदार एवं सुरक्षित संचालन अपनाने का आह्वान किया।अल्ट्राटेक सीमेंट के लॉजिस्टिक्स विभाग ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा मिशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए सुरक्षित परिवहन संस्कृति को मजबूती देने का संकल्प व्यक्त किया।

# जमीनी विवाद में अधिवक्ता पर हमला, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा में जमीनी विवाद को लेकर अधिवक्ता पर हमला कर लहुलुहान करने पर पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मऊआइमा नगर पंचायत के मोहल्ला मुस्तफाबाद निवासी संजय कुमार पेशे से अधिवक्ता हैं।उनका आरोप है कि रविवार को दोपहर में जमीनी विवाद को लेकर विपक्षी एक राय होकर घर में घुसकर गृहस्थी का सामान तोड कर फेंक दिए और उन्हें मार पीट कर लहुलुहान कर दिए। संजय कुमार ने मऊआइमा थाने में राजकुमार उर्फ बच्चू, शिवकुमार, प्रभुनाथ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# हेमवती नंदन बहुगुणा चिल्ला में क्विज प्रतियोगिता सम्पन्न




अखंड भारत संदेश

**जसरा।** राजकीय पालीटेक्निक बारा की तरफ से हेमवती नंदन बहुगुणा इंटर कॉलेज चिल्ला गौहानी में 51 छात्र छात्राओं नें प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता 50 नंबर की थी जिसमें 45 नंबर पाकर अमन नें प्रथम स्थान व 40 नंबर पाकर शिवा नें दूसरा स्थान व 38 नंबर पाकर शीलू नें तीसरा स्थान प्राप्त किया।

कॉलेज के प्रधानाचार्य उमेश मिश्र नें इस प्रकार की प्रतियोगिता की सराहना करते हुए छात्र छात्राओं को शुभकामनायें दी। उक्त कार्यक्रम में सुधांशु मिश्रा,दिलीप विश्वकर्मा, आनन्द पटेल आदि लोग मौजूद रहे ।

# चंद्रशेखर तिवारी विद्यालय में परीक्षार्थियों का आयोजित हुआ विदाई समारोह

**करछना।** पडोखरा गांव के आजाद नगर स्थित चंद्रशेखर तिवारी विद्यालय में यूपी बोर्ड के परीक्षार्थियों का विदाई समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच सोमवार को आयोजित हुआ। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ । वहीं छात्र व छात्राओं की ओर से सरस्वती वंदना व स्वागत गान की प्रस्तुतियां भी हुई । इसके अलावा विदाई गीत सहित नृत्य की भी प्रस्तुतियां हुई । जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी की । वही विदाई गीत पर लोग भावुक हो उठे। जूनियर कक्षाओं के छात्र व छात्राओं की ओर से यूपी बोर्ड के सीनियर परीक्षार्थियों के छात्र व छात्राओं में तिलक लगाकर विदाई की गई। जिस पर बोर्ड के परीक्षार्थियों समेत अन्य विद्यार्थियों की आंखें भी भर आई । विद्यालय की ओर से सभी का मुंह भी मीठा कराया गया । विद्यालय के प्रधानाचार्य श्याम सुंदर त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में भावुक हो उठे । उन्होंने विद्यार्थियों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए बोर्ड के सभी परीक्षार्थियों को अच्छे अंकों में उत्तीर्ण होने की शुभकामना दी। साथ ही साथ परीक्षार्थियों को सफलता के अनेक मंत्र देते हुए परीक्षा संबंधी अनेक गुर भी सिखाए । इस मौके पर एम के मिश्र, आशुतोष त्रिपाठी, स्वामी नाथ त्रिपाठी, रविशंकर द्विवेदी, सुधाकर मिश्र, रजनीश मिश्र, अंकित मिश्र , नरेंद्र देव त्रिपाठी ,स्वाति त्रिपाठी , संज्ञा त्रिपाठी , आकृति निषाद सहित आदि शिक्षक व शिक्षिकाएं समेत छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं, राधेश्याम केसरवानी पुत्र गिरधारी लाल केशरवानी निवासी मकान नंबर संख्या HA, 01 .ADA कॉलोनी चक बबुराअलीमाबाद नैनी परगना अरैल तहसील करछना प्रयागराज उम्र 52 वर्ष, का निवासी हूं। सत्यनिष्ठा से निम्नलिखित घोषणा करता हूँः यह कि, मेरा पुराना नाम राधेश्याम केसरी था। यह कि, मैंने अपना नाम व्यक्तिगत कारणों से बदलकर अब नया नाम राधेश्याम केसरवानी कर लिया है। यह कि, भविष्य में मुझे केवल राधेश्याम केसरवानी के नाम से जाना जाएगा। यह कि, मेरे पुराने नाम राधेश्याम केसरी और नए नाम राधेश्याम केसरवानी का व्यक्ति एक ही है, जो मैं स्वयं हूँ। यह कि, मैंने यह परिवर्तन स्वेच्छा से किया है।

# मनरेगा बचाओ संग्राम चौपाल में कांग्रेस का आह्वान भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष तेज

अखंड भारत संदेश



**सहसों।** कांग्रेस पार्टी गंगापार के कार्यकताओं द्वारा बहरिया क्षेत्र के भरेस्ता गांव में सोमवार को मनरेगा बचाओ संग्राम चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस गंगापार जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद ने की। चौपाल के माध्यम से मनरेगा की बहाली को लेकर जनता से समर्थन और सहयोग की अपील की गई। चौपाल को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) गरीबों और मजदूरों के लिए एक वरदान साबित हुआ था। इस योजना के तहत ग्रामीण गरीबों को 100 दिनों के रोजगार की गारंटी मिलती थी, जिससे उनके परिवारों के भरण-पोषण में बड़ी सहायता होती थी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने अपनी जनविरोधी और मजदूर विरोधी नीतियों के चलते रातों-रात जीरामजी अधिनियम लागू कर गरीब जनता के हितों पर कुठाराघात किया है। यह कदम गरीबों की पीठ में छुरा घोंपने जैसा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी तब तक संघर्ष करती रहेगी, जब तक भाजपा सरकार द्वारा लागू किए गए जनविरोधी जीरामजी अधिनियम को समाप्त कर कांग्रेस सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा को पुनः बहाल नहीं किया जाता। अशफाक अहमद ने दोहराया कि कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीबों, मजदूरों, किसानों और छात्रों के साथ खड़ी रही है और आगे भी उनके अधिकारों के लिए सड़कों से लेकर संसद तक संघर्ष करती रहेगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सद्दाम हुसैन सिद्दीकी, रमेश चन्द्र मौर्या, शिव प्रसाद मौर्या, डॉ. अमर सिंह पटेल, सुनील पाण्डेय, हृदयानन्द यादव, राजवन्ती देवी, श्यामकली देवी, नवाज अहमद, संत लाल यादव, मो. वकार, राम अधार, बृजलाल, मो. मुसारिफ, शहनवाज अंसारी, फैजान अहमद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सेवा सुरक्षा की धारा 21 की बहाली पर शिक्षकों में हर्ष

## संगठन के संघर्ष को मिली बड़ी सफलता

**प्रयागराज।** सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु चयन बोर्ड में पूर्व से स्थापित धारा 21 को नए गठित राज्य शिक्षा सेवा चयन आयोग में शामिल न किए जाने से शिक्षक समुदाय में असंतोष व्याप्त था। इस मुद्दे को लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ लंबे समय से संघर्षरत था। संघर्षझ्रवार्ताझ्रसंघर्ष की नीति के तहत 20 जनवरी को संगठन के प्रदेश अध्यक्ष माननीय सुरेश कुमार त्रिपाठी और शासन के बीच हुई वार्ता का सकारात्मक परिणाम सामने आया है।

सरकार ने शिक्षकों की सेवा सुरक्षा से जुड़ी धारा 21 तथा तदर्थ प्रधानाचार्य की नियुक्ति से संबंधित धारा 18 को पुनः उत्तर प्रदेश राज्य शिक्षा सेवा चयन आयोग में समाहित करने पर सहमति व्यक्त की है। इसके लिए उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग को अग्रेतर कार्रवाई हेतु आदेश भी जारी कर दिया गया है।

इस निर्णय को शिक्षकों की सेवा सुरक्षा के संघर्ष में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है। आदेश जारी होने के बाद जनपद प्रयागराज सहित प्रदेश भर में शिक्षकों में हर्ष का माहौल है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ प्रयागराज के जिला अध्यक्ष अनुज कुमार पांडे ने कहा कि यह प्रदेश अध्यक्ष माननीय सुरेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में किए गए निर्णायक संघर्ष का प्रतिफल है।

उन्होंने बताया कि धारा 21 के अस्तित्वहीन होने के कारण कई स्थानों पर शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई की खबरें सामने आ रही थीं, जिस पर अब प्रभावी रोक लगेगी। पूर्व जिलाध्यक्ष रामप्रकाश पांडेय, मंडल अध्यक्ष रमेश चंद शुक्ला, जिला मंत्री जगदीश प्रसाद, कोषाध्यक्ष रविंद्र त्रिपाठी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. वसीम अहमद सिद्दीकी एवं डॉ. सुयोग पांडे सहित अन्य पदाधिकारियों ने इसे संगठन की एक बड़ी जीत बताया है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत नीबी विकास खंड करछना प्रयागराज

निविदा वर्ष 2025/26 — दिनांक 9.2.2026

**टेण्डर/कोटेशन**

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस 2 / एस.एल.डब्लू.एम/मनरेगा/पंचम वित्त / प्रन्दह वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नीबी , विकास खण्ड करछना मे अधोलिखित कार्यो के आगणन / प्राक्कलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा मे सामग्री काय स्थल पर आपूर्ति भाडा सहित पहुँचा कर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेण्डर / कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनाँक10.2.2026 से दिनांक 23.2..2026 को अपराहन 04:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेण्डर / कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा। आपूर्ति कर्ता अपना कोटेशन/टेण्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते है। नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्य दिवस में देखी जा सकती है। टेण्डर / कोटेशन फार्म कार्यालय मे ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 23.2.2026 तक. कार्यालय अवधि में समय 4.00 अपरान्हन तक जमा किया जा सकता है किसी एक व समस्त टेण्डर / कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा । टेण्डर / कोटेशन दिनांक 24.2.2026 को अपरान्ह 3.30 बजे पुर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। निम्नांकित कार्य पर जिस - जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यालय/नोटिस बोर्ड परचस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवा कर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी० एस० टी० का भुगतान किया जायेगा जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी० एस० टी० जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर भी उक्त नियम एवं शर्ते लागू रहेगी । इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य मे उक्त फर्म को काली सूची मे डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र० | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत नीबी में आंगनबाड़ी निर्माण कार्य | 12 लाख |
| 2. | तालाब संख्या 138 उत्तरी भाग मिट्टी खोदाई कार्य | 15 लाख |

(प्रधान)
प्रवीण कुमार
ग्राम पंचायत नीबी विकास खंड
करछना प्रयागराज

(सचिव/ग्राम पंचायत अधिकारी)
ब्रजेश कुमार
ग्राम पंचायत नीबी
विकास खंड करछना प्रयागराज

## कार्यालय ग्राम पंचायत डांडो विकास खंड करछना, प्रयागराज

निविदा वर्ष 2025/26 — दिनांक 9.2.2026

**टेण्डर/कोटेशन**

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस 2 / एस.एल.डब्लू.एम/मनरेगा/पंचम वित्त / प्रन्दह वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत डांडो, विकास खण्ड करछना मे अधोलिखित कार्यो के आगणन / प्राक्कलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा मे सामग्री काय स्थल पर आपूर्ति भाडा सहित पहुँचा कर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेण्डर / कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनाँक10.2.2026 से दिनांक 23.2..2026 को अपराहन 04:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेण्डर / कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा। आपूर्ति कर्ता अपना कोटेशन/टेण्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते है। नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय कार्य दिवस में देखी जा सकती है। टेण्डर / कोटेशन फार्म कार्यालय मे ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 23.2.2026 तक. कार्यालय अवधि में समय 4.00 अपरान्हन तक जमा किया जा सकता है किसी एक व समस्त टेण्डर / कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा । टेण्डर / कोटेशन दिनांक 24.2.2026 को अपरान्ह 3.30 बजे पुर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। निम्नांकित कार्य पर जिस - जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यालय/नोटिस बोर्ड परचस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवा कर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी० एस० टी० का भुगतान किया जायेगा जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा साथ ही जी० एस० टी० जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा उस भुगतान पर भी उक्त नियम एवं शर्ते लागू रहेगी । इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य मे उक्त फर्म को काली सूची मे डालने हेतु यथोचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र० | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत डांडो में अंत्येष्ठि स्थल में अतिरिक्त शौचालय निर्माण कार्य | 4 लाख |

(प्रधान)
मिथिलेश कुमार
ग्राम पंचायत डांडो
विकास खंड करछना प्रयागराज।

(सचिव)
गरिमा यादव
ग्राम पंचायत डांडो
विकास खंड करछना प्रयागराज।


# इविवि परिसर की शांति व समरसता को लेकर अभाविप ने कुलानुशासक को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय परिसर में शांति, सामाजिक समरसता एवं अकादमिक गरिमा बनाए रखने की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की इविवि इकाई ने सोमवार को विश्वविद्यालय के कुलानुशासक को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान परिषद ने परिसर में अशांति फैलाने वाली गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में अभाविप ने कहा कि विश्वविद्यालय एक ज्ञान और संस्कार का केंद्र है, जहां अनुशासन, सौहार्द और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण सर्वोपरि होना चाहिए। हाल के दिनों में कुछ अराजक तत्वों द्वारा परिसर का माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जो किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। ऐसी गतिविधियों से न केवल शैक्षणिक वातावरण प्रभावित होता है, बल्कि आपसी सौहार्द भी खतरे में पड़ता है।

अभाविप प्रतिनिधिमंडल ने कुलानुशासक का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को सुरक्षित, अनुशासित और सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराना विश्वविद्यालय प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। परिषद ने मांग की कि विश्वविद्यालय की एकता और गरिमा को प्रभावित करने वाली गतिविधियों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

इस अवसर पर अभाविप इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई की इकाई मंत्री काव्यांशी कुमारी ने कहा कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय अपनी गौरवशाली परंपरा और शैक्षणिक संस्कृति के लिए जाना जाता है। कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा वातावरण को दूषित करने का प्रयास किया जा रहा है, जिसकी अभाविप कड़ी निंदा करती है। विश्वविद्यालय में सौहार्द और अनुशासन बनाए रखने के लिए परिषद सदैव प्रतिबद्ध रही है।

वहीं, इविवि इकाई की शोध संयोजक प्रशंसा सिंह जाटव ने कहा कि विश्वविद्यालय की चेतना और एकता को कमजोर करने वाले किसी भी प्रयास का अभाविप पुरजोर विरोध करेगी। परिषद का उद्देश्य सदैव सकारात्मक, स्वस्थ और सौहार्दपूर्ण शैक्षणिक वातावरण का निर्माण करना रहा है और आगे भी इसके लिए संघर्ष जारी रहेगा।ज्ञापन सौंपने के दौरान इविवि इकाई अध्यक्ष हिमांशु पांडेय, इकाई मंत्री काव्यांशी कुमारी, शोध संयोजक प्रशंसा सिंह जाटव तथा सह मंत्री अनुराग मिश्रा उपस्थित रहे।

# नैनी एडीए मोड़ रेलवे क्रॉसिंग के पास अनियंत्रित डंपर दुकान में घुस, बाल-बाल बचे परिजन

अखंड भारत संदेश





**नैनी।** नैनी क्षेत्र के एडीए मोड़ रेलवे क्रॉसिंग के पास सोमवार तड़के एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। तेज रफ्तार से जा रहा गिट्टी लदा डंपर अनियंत्रित होकर एक किराने की दुकान में घुस गया। जिससे दुकान समेत पूरा मकान क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि हादसे के समय घर में मौजूद परिजन बाल-बाल बच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरगम एडीए मोड़ रेलवे क्रॉसिंग के समीप महेंद्र केसरवानी का मकान है। जिसके आगे वह किराने की दुकान संचालित करते हैं। सोमवार सुबह करीब साढ़े चार बजे तेज रफ्तार डंपर अचानक असंतुलित होकर सीधे मकान में जा घुसा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दुकान का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में पड़ोस में रहने वाले मनोज केसरवानी के मकान को भी काफी नुकसान पहुंचा है। तेज धमाके की आवाज से परिजन दहशत में आ गए और आसपास के लोग मौके पर जुट गए। डंपर में गिट्टी लदी हुई थी जिससे सड़क पर कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बन गई। सूचना पर नैनी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह हादसा दिन में होता तो बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता था। पुलिस डंपर चालक और दुर्घटना के कारणों की जांच में जुटी है।

## स्वच्छता संरक्षण को लेकर नगर आयुक्त ने ली विभागीय बैठक, बरसात से पहले तैयारियों के निर्देश

**प्रयागराज।** नगर निगम प्रयागराज की ओर से शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मंगलवार को नगर आयुक्त सीलम साई तेजा की अध्यक्षता में विभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छता संरक्षण के महत्व पर चर्चा करते हुए विभिन्न विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।नगर आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि शहर के सामुदायिक केंद्रों, स्कूलों, स्थानीय पार्कों, मंदिरों और प्रमुख सड़कों की सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके साथ ही स्वच्छता से जुड़े कार्यों की विस्तृत योजना बनाकर उसे प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए।बैठक में स्थानीय स्वच्छता समस्याओं की पहचान कर उनके समाधान, स्वच्छता अभियान को गति देने, कचरा प्रबंधन और रिसाइक्लिंग व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया गया। नगर आयुक्त ने कहा कि आगामी बरसात के मौसम से पहले सभी जोनल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में नालियों, पुलियों और नालों की सफाई सुनिश्चित करें तथा जल निकासी व्यवस्था में सुधार किया जाए।इसके अलावा जल निगम के अधिकारियों को नलकूपों की मरम्मत, पेयजल की स्वच्छता बनाए रखने और पानी से संबंधित समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने मरम्मत एवं निर्माण कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा करने पर भी बल दिया।बैठक में अपर नगर आयुक्त अरविंद कुमार राय, राजीव कुमार शुक्ला, जलकल विभाग के महाप्रबंधक गौरव कुमार, शिवम मिश्रा, सहायक नगर आयुक्त दीपशिखा पांडेय, मुख्य अभियंता अनिल कुमार मौर्य, विद्युत विभाग से संजय कटियार सहित सभी जोनल अधिकारी उपस्थित रहे।

# नैनी में सिक्योरिटी एजेंसी के सुपरवाइजर का पेड़ पर लटकता मिला शव

अखंड भारत संदेश





**नैनी।** नैनी बीते पांच फरवरी को घर से निकले कौधियारा निवासी राकेश मिश्रा उर्फ गुड् का सोमवार को पुराने यमुना पुल के एक पेड़ में फंदे मे लटकता शव मिला है। उनकी बाइक से बीते पांच फरवरी को उनका मोबाइल, आईडी कार्ड व सुसाइट नोट मिला था। इसमें उन्होंने उधार दिए हुए लाखो रुपये वापस न मिलने की बात लिखी थी। हालांकि पुलिस उनके मोबाइल की रिकार्डिंग व सीडीआर निकलवाकर जांच में जुटी हुई थी। मिली जानकारी के अनुसार कौंधियारा निवासी राकेश मिश्रा उर्फ गुडु पुत्र स्व. बद्रीनाथ बीते पांच फरवरी को सुबह घर से गंगा प्रदूषण इकाई नैनी-1 में स्थित कार्यालय में गार्ड की ड्यूटी चेक करने पहुंचे थे। यहां पर वह अपनी बाइक खड़ी कर उनकी डिगी में मोबाइल, आईडी कार्ड व सुसाइड नोट रखकर कही चले गए। शाम तक जब वह घर नहीं पहुंचे तो परिजन ने उनकी खोजबीन करते हुए गंगा प्रदूषण इकाई पहुंचे तो उनकी बाइक की डिग्गी में सुसाइड नोट देखकर सभी परेशान हो गए। सूचना पर पुलिस ने आस-पास के सीसीटीवी फुटेज का खंगाते हुए शुक्रवार को नदी में गोताखोरों को भी तलाश के लिए उतारा था। लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला। इसी बीच सोमवार सुबह उनका शव पुराने यमुना पुल के नीचे एक पेड़ में फंद पर लटकता मिला। वहीं नैनी पुलिस ने शव को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

## भूमि विवाद में मारपीट, दलित उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में दर्जनों पर मुकदमा दर्ज

**मांडा।** थाना क्षेत्र के हंड़िया गांव में लंबे समय से चले आ रहे भूमि विवाद को लेकर रविवार को दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मांडा पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दर्जनों आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीड़न सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच एसीपी मेजा को सौंपी गई है। हंड़िया गांव निवासी श्यामललि पत्नी सुरेश भारती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार को पड़ोसी गांव गौरैया खुर्द के विष्णु कांत गुप्ता, चंद्रकांत गुप्ता, इंद्रकांत गुप्ता पुत्रगण रामसागर, रामसागर पुत्र बरम दिन, सपना पुत्री राम सागर और उनके घर की चार अज्ञात महिलाएं तथा दो अज्ञात भांजे एक राय होकर उनके घर में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने श्यामललि को मां-बहन की भद्दी गालियां दीं और बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। बीच-बचाव करने आईं उनकी बेटियां आंचल और प्रियंका को भी लाठी-डंडों से पीटा गया। इस दौरान आरोपियों ने लगातार जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट की। मारपीट में श्यामललि और उनकी दोनों बेटियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। इस दौरान उनका मोबाइल भी गुम हो गया। शोर सुनकर जब भीड़ इकट्ठा हुई, तो आरोपियों ने श्यामललि के घर का टीन शेड और सीमेंट की चादरें तोड़ दीं। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए वे मौके से फरार हो गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने धारा 191(2), 333, 324(2), 115(2), 352, 351(3), 3(2)(५), 3(1) (द), 3(1) (ध) के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मामले की आगे की जांच एसीपी मेजा को सौंप दी गई है। मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। इस मामले की जांच एसीपी मेजा द्वारा की जाएगी।

# गैर इरादतन हत्या के मामले में सोरांव पुलिस ने दो वांछित आरोपियों को किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** सोरांव थाना क्षेत्र में गैर इरादतन हत्या के मामले में पुलिस ने दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार, गंगानगर जोन के थाना सोरांव में दर्ज मुकदमा संख्या 46/2026, धारा 105 भारतीय न्याय संहिता के तहत वांछित चल रहे आरोपी राजू कुमार और गुड्डू लाल चौधरी को सोमवार को लूसनपुर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों को नियमानुसार हिरासत में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

बताया गया कि बीते 7 फरवरी को थाना सोरांव क्षेत्र के सेवईत गांव में पारिवारिक विवाद के दौरान रुपये को लेकर हुए झगड़े में आरोपियों ने अनिल कुमार के साथ मारपीट की थी। गंभीर रूप से घायल अनिल कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मामले में मृतक के परिजनों की तहरीर पर सोरांव थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहे थे।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजू कुमार (35 वर्ष), निवासी बलहा बरौली, गोपालगंज (बिहार), हाल पता सेवईत थाना सोरांव तथा गुड्डू लाल चौधरी (51 वर्ष), निवासी सेवईत थाना सोरांव के रूप में हुई है।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना प्रभारी केशव वर्मा के साथ कांस्टेबल अरविंद पटेल, मुनीष कुमार, अनुज वाजपेयी और प्रकाश सिंह शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पूर्व सांसद विनोद सोनकर ने शिक्षक परिवार से की मुलाकात, असामयिक निधन पर शोक व्यक्त किया



अखंड भारत संदेश

**मांडा।** कौशांबी के पूर्व सांसद और अनुसूचित जाति/जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद सोनकर ने मांडा के बामपुर गांव निवासी शिक्षक सुरारी नाथ सोनकर के परिवार से मुलाकात की। सुरारी नाथ सोनकर का लंबी बीमारी के बाद असामयिक निधन हो गया था।

पूर्व सांसद सोनकर ने उनके घर पहुंचकर शोक व्यक्त किया और परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। श्री सोनकर ने कहा कि परिवार और समाज की क्षतिपूर्ति धन से नहीं होती, इसकी पूर्ति केवल चेतना से संभव है।

इस दौरान भाजपा नेता आशीष सोनकर, कमलेश सोनकर, जज कुमार, बृजेश सोनकर, अमरेश सोनकर, आकाश सोनकर, अरविंद कुमार, फूल चन्द्र सोनकर, संजय सोनकर प्रधान प्रतिनिधि,मनीष कुमार, लव कुमार, अनीश कुमार, सर्वेद्र सोनकर, रमेश सोनकर, विकास और ओम प्रकाश सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। मांडा रोड चौराहे पर पूर्व सांसद का अंग वस्त्र और माल्यार्पण कर स्वागत भी किया गया।

# जिला वॉलीबाल संघ प्रयागराज के चुनाव में नई कार्य कारिणी का हुआ गठन

मेजा के गोसौरा कला स्थित दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज में नई गाइड लाइन के तहत गुप्त चुनाव प्रकिया आयोजित

**शांतिपूर्ण ढंग से हुए गुप्त मतदान में प्रभात कुमार राय अध्यक्ष, आरपी शुक्ला महासचिव और केबीएल श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष निर्वाचित**

अखंड भारत संदेश



डीवीए प्रयागराज के चुनाव में निर्वाचित पदाधिकारी और सदस्य गण साथ में निर्वाचन अधिकारी गण

**मेजा।** डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन प्रयागराज के आम सभा की विशेष बैठक (चुनावी मीटिंग) दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एंड कॉलेज गोसौरा कला में बीते रविवार को संपन्न हुई जिसमें संवैधानिक ढंग से आगामी 4 वर्षों के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी गुलशन शर्मा जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रयागराज, एवं अन्य नामित पर्यवेक्षकों की देख-रेख में सरकार द्वारा क्रीडा संघों के लिए जारी की गई नई गाइडलाइन के अनुसार गुप्त मतदान प्रक्रिया के अंतर्गत शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कराया गया। इस दौरान प्रभात कुमार राय अध्यक्ष,आरपी शुक्ला महासचिव तथा केबीएल श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुए। इसके अतिरिक्त सर्वसम्मति से एक नई कार्य कारिणी समिति भी घोषित की गई जिसमे जॉर्डन एच नाथ चेयरमैन, अधिवक्ता सुशील कुमार मिश्रा, भैयाराम यादव एडवोकेट, दुर्गेश प्रताप सिंह, विजया सिंह, एवं बफीर्लाल यादव उपाध्यक्ष, जबकि प्रमोद कुमार राय संगठन मंत्री,नीरज श्रीवास्तव एवं मुकेश शुक्ला संयुक्त मंत्री, तथा अल्ताफ अली, राजेश वर्मा, प्रभाकर चौबे,राजेश प्रसाद राय, पंकज शुक्ला व अजय कुमार राय को कार्य कारिणी सदस्य चुने गए।

## स्थापना दिवस के अवसर पर महिला शिक्षक संघ ने बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज से की शिष्टाचार भेंट



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष अनुरागिनी सिंह व महामंत्री संगीता सिंह के नेतृत्व में महिलाशिक्षक संघ द्वारा आज दिनांक 9 फरवरी 2026 को स्वाभिमान के साथ स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण कर लेने पर आदरणीय बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज अनिल कुमार सर से शिष्टाचार भेंट की ।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रचना भटनागर, डॉ॰ प्रमिला सिंह, जिला मीडिया प्रभारी शुचिता पांडे, कोरांव ब्लॉक अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के साथ अर्चना गुप्ता, संतोष दुबेआशा शर्मा सुनीता आशा दुबे उपस्थित रहे भेंट के पश्चात आदरणीय महोदय द्वारा शिक्षिकाओं की समस्याओं के समाधान पर वार्ता की, जिसमें शिष्टमंडल ने अपनी बात रखी और उसके समाधान हेतु आदरणीय महोदय का आभार व्यक्त करते हुए अपने अपने ब्लॉक की क्रियाकलापों व गतिविधियों से अवगत करवाया। चयन वेतनमान, वेतन अवरुद्ध, प्रतिकूल प्रविष्टि, वेतन बहाल, सीसीएल, ईएल प्रमोशन जैसे गंभीर विषयों पर वार्ता की गई।

# रविंद्र जैसल के जिला सचिव मनोनयन पर सपाइयों ने हर्ष



**कोरांव।** सपा मुखिया अखिलेश यादव के दिशा निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के संस्तुति एवं जिला अध्यक्ष पप्पू लाल निषाद के द्वारा रविंद्र जैसल प्रधान को जिला सचिव पद पर मनोनीत होने पर सपाइयों में हर्ष व्याप्त है जैसे ही इस बात की जानकारी कोराव विधानसभा के सपाइयों को हुई तो बधाई देने वाले का तांता लग गया और सपा कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिला सचिव को फूल मालाओं से लादकर मुबारक बाद दिया बता दे कि सपा नेता जैसल अभी तक विधानसभा कुरान महासचिव पद पर कार्यरत रहे हैं।इस मौके पर सपा नेता जैसल ने कहा कि जिस प्रकार से पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में दलित समाज के बेटे को इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निर्वहन करुंगा और समाजवादी पार्टी में ज्यादा से ज्यादा दलित समाज को जोड़ने का कार्य करूंगा जिस प्रकार से मौजूदा सरकार में दलित पिछड़े अल्पसंख्यक समाज का उत्पीड़न हो रहा है उसे या प्रतीत होता है कि आगामी होने वाले 2027 के विधानसभा के चुनाव में उत्तर प्रदेश की जनता भाजपा की तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेगी। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से संदीप पटेल विधायक सोमदत्त सिंह पटेल विधानसभा अध्यक्ष बब्बन दुबे जयशंकर भारतीय महताब खान नगर अध्यक्ष दिनेश पटेल जिला सचिव राजकुमार कोल ब्लॉक अध्यक्ष लाल बाबू कोल प्रधान राम मूरत यादव उर्फ नाटे चौधरी मोहम्मद शारिक सुरेंद्र केसरी उर्फ सोनू नियाज खान मंगल देव कोल दान बहादुर मधुर अजीत यादव इंजीनियर जगदीश यादव भागीरथी बिंद कृपाशंकर बिना महेंद्र सरोज रामानुज यादव प्रधान नौशाद अंसारी अश्वनी पटेल दीपक पटेल संजय पटेल आदि लोग रहे।

## विवाहित लापता, पिता ने अपने दामाद और उसके परिवार पर दहेज उत्पीड़न तथा बेटी को गायब करने का लगाया आरोप

**मांडा।** क्षेत्र से एक विवाहिता के लापता होने का मामला सामने आया है। विवाहिता के पिता ने अपने दामाद और उसके परिवार पर दहेज उत्पीड़न तथा बेटी को गायब करने का आरोप लगाया है। मांडा के भारतगंज बाजार निवासी बबोली अन्सारी की बेटी तन्नू उर्फ आसमीन 22 वर्ष का निकाह 8 मई 2023 को मिजार्पुर के हलिया निवासी मुहम्मद जावेद से हुआ था। शादी के बाद तन्नू अपने ससुराल हलिया में रह रही थी। बबोली अन्सारी के अनुसार, तन्नू के ससुर वकरीदू, सास और पति जावेद ने उसके सभी गहने जबरन रख लिए थे। वे लगातार मोटरसाइकिल की मांग करते हुए तन्नू को प्रताड़ित और मारपीट करते थे।

बाद में, तन्नू के पति जावेद, जो दिल्ली में कार्यरत हैं, उसे अपने साथ दिल्ली ले गए। आरोप है कि दिल्ली में भी जावेद दहेज की मांग को लेकर तन्नू के साथ मारपीट करते थे। तन्नू ने मोबाइल फोन के जरिए अपने पिता को इन घटनाओं की जानकारी दी थी। पिता ने उसे दिसंबर 2025 में भाई की शादी के दौरान घर आने पर पंचायत करने का आश्वासन दिया था।

### 2025 ससुराल पक्ष के पास संतोषजनक जबाब नहीं

पिछले 15 दिनों से तन्नू से कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। जब बबोली अन्सारी ने जावेद से फोन पर बात की, तो उसने बताया कि तन्नू का मोबाइल उसके पास है और वह गुम हो गई है। इसके बाद, बबोली अन्सारी हलिया गांव पहुंचे और जावेद व वकरीदू से पूछताछ की, लेकिन उन्हें अपनी बेटी के बारे में कोई संतोषजनक जानकारी नहीं मिली। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि उन्हें गुमराह किया जा रहा है और उनकी बेटी को गायब कर दिया गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

# मेजारोड व्यापार मंडल कार्यालय में शोकसभा आयोजित कर कांग्रेसी नेता को दी गई श्रद्धांजलि

**व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय ने कार्यक्रम का किया नेतृत्व कहा दिवंगत रमेश चंद्र पांडेय का संपूर्ण जीवन समाजसेवा जनकल्याण और सामाजिक सरोकारों को रहा समर्पित**

अखंड भारत संदेश



पूर्व चेयरमैन एवं कांग्रेसी नेता रमेश चंद्र के निधन पर शोकसभा आयोजित श्रद्धांजलि देते व्यापार मंडल के लोग

**मेजा।** प्रयागराज मंडल विकास निगम के पूर्व चेयरमैन एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दिवंगत रमेश चंद्र पांडेय के निधन को लेकर मेजारोड व्यापार मंडल के अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय के नेतृत्व में व्यापार मंडल कार्यालय पर सोमवार को शोकसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान शोकसभा में मौजूद लोगो ने दो मिनट मौन रह कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किय। शोकसभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय ने रमेश चंद्र पाण्डेय के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और कहा कि दिवंगत श्री पांडेय स्वच्छ छवि के नेता थे,जिन्होंने सिद्धांतों से हटाकर कभी समझौता नहीं किया। श्री उपाध्याय ने आगे कहा कि रमेश चंद्र पाण्डेय का पूरा जीवन समाजसेवा, जनकल्याण और सामाजिक सरोकारों को समर्पित रहा है। उल्लेखनीय है कि बीते शनिवार को प्रयागराज मंडल विकास निगम के पूर्व चेयरमैन एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रमेश चंद्र पांडेय का प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान आकस्मिक निधन हो गया था जिसको लेकर क्षेत्र में शोक लहर है। इस मौके पर जोगेंद्र प्रताप सिंह, शिवम शुक्ला,सबल तिवारी, रमेश उपाध्याय, पवन तिवारी, ऋषभ पांडे, नीरज पांडे, भगौती यादव तथा शुभम प्रजापति आदि के अलावा कई अन्य लोग शोकसभा में प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षा-2026 को नकलविहीन कराने के लिए जिलाधिकारी ने दिए सख्त निर्देश

**18 फरवरी से शुरू होंगी यूपी बोर्ड परीक्षाएं, 1.02 लाख परीक्षार्थी होंगे शामिल**

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा-2026 को नकलविहीन, शुचितापूर्ण एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने आज राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ के प्रांगण में जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, बाह्य केंद्र व्यवस्थापक के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सह जिला विद्यालय निरीक्षक आर.पी. सरोज ने जानकारी देते हुए बताया कि बोर्ड परीक्षा 18 फरवरी से प्रारंभ होकर 12 मार्च 2026 तक संचालित होगी। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी, प्रथम पाली प्रातः 8:30 बजे से 11:45 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 2:00 बजे से 5:15 बजे तक होगी। जनपद में कुल 166 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 11 राजकीय विद्यालय, 69 अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय तथा 86 वित्तविहीन विद्यालय सम्मिलित हैं। हाईस्कूल परीक्षा में 52,300 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में 50,683 छात्र-छात्राएं सम्मिलित होंगे। इस प्रकार कुल 1,02,983 परीक्षार्थी बोर्ड परीक्षा में भाग लेंगे। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त रोशनी, पंखे एवं बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ-साथ बिजली कटौती की स्थिति में जनरेटर की व्यवस्था अनिवार्य रखने को कहा गया। परीक्षार्थियों के सामान रखने के लिए स्टोर रूम बनाए जाने के भी निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि प्रैक्टिकल अंक योग्यता के अनुसार ही दिए जाएं, जानबूझकर अंक खराब करने की शिकायत मिलने पर संबंधित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाएगी। परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल फोन एवं सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। प्रश्न पत्र परीक्षा केंद्र पर पहुंचने के बाद उनकी सुरक्षा एवं उत्तर पुस्तिकाओं की संपूर्ण जिम्मेदारी केंद्र व्यवस्थापक की होगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रश्न पत्र निर्धारित तिथि पर उसी विषय का ही खोला जाए। जिलाधिकारी ने यह भी घोषणा की कि जिन परीक्षा केंद्रों पर परीक्षाएं सकुशल एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न होंगी, उन्हें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। अंत में जिलाधिकारी ने सभी जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं बाह्य केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि उन्हें सौंपे गए दायित्वों का शत-प्रतिशत पालन करते हुए परीक्षा को नकलविहीन, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराएं। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक बृजनन्दन राय ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी तथा नकल कराने या कराने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के दृष्टिगत किसी भी प्रकार की समस्या आये तो तत्काल हमें सूचित कर सकते है। प्रधानाचार्य चन्दीगोविन्दपुर ने बैठक में आये हुये अधिकारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) आदित्य प्रजापति, प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज कुलश्रेष्ठ तिवारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## जपदीय सिंचाई बन्धु की बैठक आज

**प्रतापगढ़।** जनपदीय सिंचाई बन्धु की बैठक दिनांक 10 फरवरी 2026 को पूर्वान्ह 11 बजे सिंचाई खण्ड कार्यालय में की जायेगी। बैठक की अध्यक्षता अधिशासी अभियन्ताध्सचिव सिंचाई बन्धु अरविन्द वर्मा द्वारा की जायेगी। बैठक में जनपद के जनप्रतिनिधिगण, जनपदीय अधिकारी एवं कृषकगण आमंत्रित है।

## अधिवक्ता के पिता का निधन, जताया गया दुःख

**लालगंज।** कुम्भीआइमा निवासी अधिवक्ता इरफान हुसैन के पिता लियाकत हुसैन 70 का सोमवार की सुबह हृदयगति रूकने से निधन हो गया। निधन की जानकारी पर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा सांसद प्रमोद तिवारी ने परिजनों से फोनिक वार्ता कर शोक जताया। वहीं साथी के पिता के निधन की जानकारी मिलने पर यहां तहसील में भी वकीलों में दुख का माहौल देखा गया।

# न्यूज झरोखा

## सीडीओ ने बेलखरनाथ धाम में शिवरात्रि मेले की व्यवस्था का लिया जायजा



**बेलखरनाथ धाम।** एक सप्ताह बाद बेलखरनाथ धाम में लगने वाले शिवरात्रि के मेला सकुशल संपन्न हो इसके लिए सीडीओ ने सोमवार को बेलखरनाथ धाम पहुंचकर जायजा लिया।इस दौरान एसडीएम पट्टी मौजूद रहे।सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी दिव्या मिश्रा ने बेलखरनाथ धाम पहुंचकर बाबा भोलेनाथ का दर्शन पूजन किया। इसके साथ ही 15 फरवरी को लगने वाला महाशिवरात्रि के मेले की तैयारियों का जायजा लिया। मुख्य विकास अधिकारी ने मेले में आएं दुकानदारों कांवरियों व शिव भक्तों को कोई परेशानी न होने पाएं इसके लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।इस दौरान पट्टी उपजिलाधिकारी पूर्णेन्दु मिश्रा मंदिर के पुजारी विश्वनाथ गिरी मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, कोहराम



**प्रतापगढ़।** संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। हालांकि मायके पक्ष द्वारा घटना को हत्या को लेकर भी आरोपित करते देखा गया। लालगंज कोतवाली के देल्हूपुर गांव निवासी धर्मेन्द्र यादव की पत्नी रीता 35 रविवार की रात कमरे के अंदर साड़ी का फंदा लगाकर झूल गयी। विवाहिता को फंदे पर झूलता देख परिजन आवाक रह गये। मृतका के ससुराल पक्ष द्वारा घटना को आत्महत्या बताया गया। इधर मृतका के मायके पक्ष ने दहेज को लेकर इसे हत्या करार दिया है। मृतका का पति धर्मेन्द्र कारोबारी के सिलसिले में बाहर रहता है। वहीं विवाहिता की मौत से सात वर्षीय दीपित के सिर से मां का साया भी उठ गया। सूचना मिलने पर रानीगंज कैथौला चैकी प्रभारी विवेक यादव फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजवाया। घटना के बाबत प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि सभी तथ्यों की जांच की जा रही है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## महिला ने मारपीट का लगाया आरोप, मुकदमा दर्ज

**पट्टी।** कंधई थाना क्षेत्र के दुगार्देई गांव में दलित दंपति के साथ मारपीट और जाति-सूचक गालियां देने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुर्गा देई गांव निवासी द्वारिका प्रसाद ने कंधई पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि गुरुवार की शाम करीब पांच बजे गांव के पास परसनी चैराहे पर मामूली विवाद को लेकर गांव के ही दो लोग गाली-गलौज कर रहे थे। मना करने पर आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के अनुसार, कुछ समय बाद वह अपनी पत्नी प्रियंका के साथ आरोपियों के घर उलाहना देने पहुंचे। आरोप है कि वहां मौजूद आरोपियों ने प्रियंका को धक्का देकर घर से भगा दिया और जाति-सूचक गालियां दीं। इतना ही नहीं, साइकिल उठाकर फेंक दी गई और घर से न जाने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई। इस मामले में शनिवार को द्वारिका प्रसाद की तहरीर पर कंधई पुलिस ने दुगार्देई गांव निवासी मुलायम यादव और नाईनटी यादव के खिलाफ दलित उत्पीड़न, मारपीट सहित अन्य गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज रघुवंशी ने बताया कि दलित दंपति के साथ मारपीट और जाति-सूचक गालियां देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## दूल्हे के पिता का पैसों से भरा बैग लेकर फरार हुए बदमाश

**पट्टी।** थाना पट्टी क्षेत्र के बीबीपुर बारड़ीह गांव में बारात के दौरान उचक्कागिरी की बड़ी वारदात सामने आई है। पुलिस विभाग में तैनात युवक की बारात में शामिल दूल्हे के पिता का पैसों से भरा बैग लेकर अज्ञात बदमाश फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, बीबीपुर बारड़ीह गांव निवासी डॉ. सुग्रीव पशु चिकित्सालय पट्टी में तैनात है उनकी बेटी की शादी थी। उनकी बेटी की बारात प्रयागराज जनपद के फूलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोड़ापुर गांव से आई थी। द्वारपूजा की तैयारी के दौरान दूल्हे के पिता महाबल अन्य परिजनों के साथ व्यस्त थे। इसी बीच पास में रखा पैसों से भरा बैग लेकर एक युवक मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपी पहले से पट्टी-आमापुर मार्ग पर खड़ी बाइक पर बैठकर करेला बाजार की ओर भाग निकला। बारातियों ने उसका पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन वह पकड़ में नहीं आ सका। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष आनंदपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की। इसके बाद दूल्हे के पिता महाबल ने कोतवाली पट्टी पहुंचकर पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया।पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ पैसों से भरे बैग की चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और घटना को अंजाम देने वालों की तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## हत्या के दो आरोपी को दिलीपपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बेलखरनाथ धाम।** दिलीपपुर चैखड़ा निवासी एक युवक की बीते 23 सितंबर 2025 को हुई हत्या के आरोप में फरार चल रहे दो आरोपितों को दिलीपपुर थाने के उपनिरीक्षक रमिल कुमार ने फोर्स के साथ घेराबंदी कर रविवार शाम लगभग साढ़े छह बजे मुखबिर की सूचना पर पिपरी खालसा नहर की पुलिया चैराहा के पास से उस समय गिरफ्तार कर लिया जब दोनों कहीं भागने की फिराक में थे । पकड़े गये आरोपितों के पास से पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त बांस के डंडे को बरामद कर दोनों का चालान कर सोमवार को कोर्ट में पेश किया है। एसओ दिलीपपुर बलराम सिंह ने बताया कि हत्या के आरोपित चैखड़ा निवासी मोबीन खां तथा पिपरी खालसा देवनमऊ निवासी गुलशेर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है।

# दुर्घटना में घायल मासूम की इलाज के दौरान मौत, हंगामा

**नाराज परिजनों ने नेशनल हाइवे पर लगाया जाम, घंटो यातायात हुआ बाधित**



अखंड भारत संदेश



**लालगंज।** दुर्घटना में घायल मासूम की इलाज के दौरान मौत को लेकर परिजनों ने सोमवार को गांव से लेकर नेशनल हाइवे पर जमकर हंगामा काटा। पुलिस के काफी अनुनय विनय व समझाने बुझाने के बाद दोपहर शव पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया जा सका। लालगंज कोतवाली के भदारी कला के चांदीपुर गांव निवासी धर्मेश सरोज का पुत्र देव सरोज 09 तेरह जनवरी की शाम अपने घर के सामने खेल रहा था। इसी बीच बगल के पूरे कलंदर निवासी बलवंत वर्मा पुत्र संतलाल वर्मा बाइक से उसे टक्कर मार दिया। दुर्घटना में देव को गंभीर चोंटे आ गयी। लालगंज ट्रामा सेंटर में प्रारंभिक उपचार के बाद उसे प्रयागराज रेफर कर दिया गया। घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस भी दर्ज कर रखा है। रविवार की रात इलाज के दौरान देव की सांसे थम गयीं। मासूम की मौत की जानकारी पर परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे। परिजन शव लेकर गांव चले आये। सोमवार की सुबह परिजन आरोपी की गिरफ्तारी न होने को लेकर आक्रोशित हो उठे। नाराज परिजन ग्रामीणों के साथ गांव से मासूम का शव लेकर नेशनल हाइवे प्रतापगढ़-लालगंज पर आ धमके। ग्रामीणों ने हाइवे पर जाम लगा दिया। इससे नेशनल हाइवे पर दोनों तरफ यायायात बाधित हो उठा। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने नाराज ग्रामीणों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। करीब डेढ़ घण्टे तक पुलिस नाराज परिजनों से अनुनय विनय करती रही। आरोपी की गिरफ्तारी के आश्वासन पर परिजन संतुष्ट हुए। इसके बाद भी ग्रामीणों के साथ परिजन मासूम के शव को पैदल ही लेकर कोतवाली पहुंचे। यहां शव का पुलिस ने पंचनामा कराकर पीएम के लिए भेजवाया।

# विकास योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ किया जाए : सीडीओ

**सीडीओ ने ब्लाक बेलखरनाथधाम का किया निरीक्षण, शिकायत निस्तारण और साफ-सफाई का दिया निर्देश**

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने बाबा बेलखरनाथधाम विकास खंड कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त श्रम एवं रोजगार संतोष कुमार सिंह तथा खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र बहादुर सिंह अपने अधीनस्थ स्टाफ के साथ उपस्थित रहे। निरीक्षण में मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यालय परिसर की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मनरेगा, आवास योजना और स्थापना पटल सहित सभी योजनाओं की पत्रावलियों का अवलोकन किया गया और संबंधित पटल सहायकों को मानक के अनुसार दस्तावेज अपडेट करने और उनका सही रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने खंड स्तर पर तैयार जन सूचना रजिस्टर, शिकायत रजिस्टर, डिस्पैच रजिस्टर, कैश बुक और ग्रांट रजिस्टर की भी जांच की और खंड विकास अधिकारी को सभी रजिस्टरों को शासन द्वारा निर्धारित चेकलिस्ट के अनुसार अद्यतन पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट किया कि सभी विकास योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ किया जाए। प्राप्त शिकायतों का तीन कार्य दिवसों के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और ग्राम में लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। साथ ही लाभार्थी चयन में किसी भी प्रकार के पक्षपात या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों/ कर्मियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई का प्रस्ताव तैयार किया जाए।

# निर्वाचक नामावली में दिव्यांग मतदाताओं का नाम करायें पंजीकरण : एडीएम

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** दिव्यांग मतदाताओं के सम्बन्ध में अपर जिलाधिकारी/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य प्रजापति की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जनपद स्तर एवं विधानसभा स्तार पर गठित दिव्यांग व्यक्तियों की कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने बताया है कि सुलभ चुनाव पर एक जिला निगरानी समिति का गठन जिले में किये जा रहे उपायो की निगरानी और मूल्यांकन के लिये सभी दिव्यांग व्यक्तियों के लिये सुलभ और समावेशी चुनाव प्रक्रिया के लिये किया गया है। बैठक में बताया गया कि आयोग के निदेर्शानुसार कुल मतदाताओं का 1 प्रतिशत दिव्यांग मतदाता निर्वाचक नामावली में पंजीकृत होना चाहिये। विधानसभा क्षेत्र रामपुरखास, बाबागंज, पट्टी एवं रानीगंज में मतदाता मानक से अधिक है तथा कुण्डा, विश्वनाथगंज एवं प्रतापगढ़ विधानसभा में दिव्यांग मतदाता 1 प्रतिशत से कम है जिस पर सम्बन्धित ईआरओ को निर्देशित किया गया कि आयोग द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण कराये, शेष विधानसभा में भी छूटे हुये दिव्यांग मतदाताओं का पंजीकरण कराया जाना है। ऐसे पी0डब्ल्यू0डी जो पंजीकृत नहीं है को चिन्हित करें और उन्हें निर्वाचक नामावली में पंजीकरण की सुविधा सुनिश्चित कराये। पी0डब्ल्यू0डी0 के नामांकन और संवेदीकरण के लिये विशेष शिविर आयोजित किये जाये। उन्होने कहा कि दिव्यांग पेंशन योजना के लाभार्थियों के सूची के अनुसार जो दिव्यांग 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिये है उनका नाम वोटर लिस्ट में अवश्य जोड़ा जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने बताया है कि आंगनबाड़ी/ आशा/ एएनएम द्वारा ग्रामों में सर्वे कराया जाये और जिन महिलाओं की शादी अन्य जनपदध्ग्रामों हो गयी है उनका नाम वोटर लिस्ट में प्राथमिकता के आधार पर जोड़ाध्काटा जाये। उन्होने यह भी कहा कि ऐसे सभी नागरिक जिनकी आयु दिनांक 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो जायेगी या 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है और उनका नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित नहीं है वे फार्म-8 भरकर अपना नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित करा सकते है। इसी प्रकार अन्य प्रयोजनो के लिये प्रयुक्त होने वाले फार्मो को भरकर जमा किया जा सकता है। बैठक में समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# न्यायालय के आदेश पर पांच के खिलाफ दलित उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज

**पट्टी।** कंधई थाना क्षेत्र के उधवापुर गांव में आबादी की जमीन पर जबरन छप्पर रखने को लेकर दलित बहू और ससुर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस द्वारा समय पर एफआईआर दर्ज न किए जाने पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली, जिसके बाद अदालत के आदेश पर पांच लोगों के खिलाफ दलित उत्पीड़न समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। उधवापुर गांव निवासी ब्रजेश कुमार सरोज की पत्नी रेखा देवी ने न्यायालय में दाखिल प्रार्थना पत्र में बताया कि बीते वर्ष 16 जून की रात करीब आठ बजे गांव के ही रमा शंकर गिरि और उनके परिवार के लोग पुरानी रंजिश को लेकर उनकी आबादी की जमीन पर जबरन छप्पर रखकर कब्जा करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने जाति-सूचक गालियां देते हुए घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट की। पीड़िता के अनुसार, बीच-बचाव करने पहुंचे ससुर राम अवध को भी आरोपियों ने पीटकर घायल कर दिया। घटना के अगले दिन पीड़ित पक्ष ने कंधई थाने में लिखित शिकायत दी, जहां पुलिस ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोहंडौर भेजा, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इसके बाद महीनों तक मामले को टाल-मटोल किया जाता रहा। न्याय न मिलने पर पीड़िता ने जुलाई माह में अपर जिला जज स्पेशल कोर्ट (एससी/एसटी) में वाद दायर कर न्याय की गुहार लगाई। न्यायालय ने शुक्रवार को कंधई पुलिस को उधवापुर गांव निवासी रमा शंकर गिरि, शिव शंकर गिरि, हरि गोविंद गिरि, अवगेश गिरि और शिवम गिरि के खिलाफ दलित उत्पीड़न समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने का आदेश दिया। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज रघुवंशी ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# श्रीराम का नाम है सर्वत्र मंगल प्रदाता : राहुल कृष्ण जी महराज



**प्रतापगढ़।** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में तीन दिवसीय मानस सम्मेलन का सोमवार को शुभारंभ हुआ। सुमित्रा वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वाधान में सम्मेलन का चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, संयोजक अनूप प्रतापगढ़ी व ज्ञानप्रकाश शुक्ल तथा प्रधानाचार्य उमाशंकर मिश्र एवं राजेन्द्र द्विवेदी ने भगवान श्रीराम दरबार के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कथाव्यास श्रीवृंदावन धाम से पधारे राहुल कृष्ण जी महराज ने कहा कि मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम नीति तथा चरित्र व संस्कृति के पथ की प्रेरणा हैं। उन्होने कहा कि जीवन को सुफल बनाने के लिए भगवान श्रीराम की साधना का अनुसरण आवश्यक है। राहुल कृष्ण जी महराज ने कहा कि राम का नाम सर्वत्र मंगल प्रदाता है। उन्होने बताया कि श्रीराम लोकजन की भी जीवन के पथ का दर्पण हैं। वहीं श्रीराम राज सत्ता को लोक सत्ता की मयार्दा प्रदान किया करते हैं। उन्होने कहा कि राम सदैव कृपालु और दयालु हैं। वहीं आवश्यक आवश्यकता पर अपने राम अधर्म का संहार करने के लिए शक्ति के भी बोधक हैं। कथावाचक राहुल कृष्ण जी ने कहा कि युवाओं को श्रीराम की जीवन तपस्या को अपने भविष्य निर्माण के लिए प्रेरणा की पूंजी स्वीकार करनी चाहिए। उन्होने कहा कि चरित्र ही धर्म है और कर्म ही धर्म धारण का मूल हैं। कथा में भगवान श्रीराम के सुमधुर भजनों को सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा विश्राम पर सत्य सनातन धर्म के जयघोष से भी सभागार भक्तिमय हो उठा दिखा। संचालन साहित्यकार जयप्रकाश पाण्डेय सरस ने किया। संयोजक अनूप प्रतापगढ़ी के साथ श्रद्धालुओं ने कथावाचक राहुल कृष्ण जी का माल्यार्पण कर सम्मान किया। विद्या मंदिर के निदेशक आचार्य रामअवधेश मिश्र ने स्वागत तथा प्रधानाचार्य उमाशंकर मिश्र ने श्रद्धालुओं के प्रति आभार जताया। इस मौके पर केशवराम ओझा, आचार्य प्रभाकर शुक्ल, मनीष शुक्ला, गौरीशंकर त्रिपाठी, जितेन्द्र सिंह, पवन प्रखर, श्यामकृष्ण शुक्ल आदि रहे।

## पत्नी पर नकदी, जेवर लेकर भागने का आरोप

**कुंडा।** हथिगवां थाना क्षेत्र के छोटकी इब्राहिमपुर गांव निवासी युवक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पत्नी छह फरवरी की रात उसके पिता को कमरे में बाहर से सांकल बंद कर दिया। घर में रखे तीन लाख रुपये नकद, मां के जेवर समेत लाखों रुपये का सामान समेट कर भाग निकली। काफी खोजबीन के बाद भी उसका सुराग नहीं लगा।

## प्राथमिक विद्यालय में ताला तोड़कर चोरी

**कुंडा।** कोतवाली क्षेत्र के भाव नगर सरियावां स्थित प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर चोर शनिवार रात मिड-डे मील का खाद्यान्न, बर्तन समेत हजारों रुपये का सामान समेट ले गए। रविवार सुबह घटना की जानकारी ग्रामीणों ने प्रधानाध्यापक हनुमान प्रसाद को दी। हनुमान प्रसाद मौके पर पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी।

# सदर तहसील के सभागार में किया गया विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**प्रतापगढ़।** जिला जज व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं माननीय सिविल जज सीनियर डिवीजन व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश एवं निर्देशन में सोमवार को प्रतापगढ़ के सदर तहसील के सभागार में शांभवी द्वितीय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पीएलवी ममता पाण्डेय ने शिविर आये श्रोताओं को बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ पर लोगों को जागरूक किया। तत्पश्चात जिला प्रोवेशन कार्यालय से सहायक प्रोवेशन अधिकारी जया द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर आये हुए लोगो को जागरूक किया। इसी क्रम में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी द्वारा संगठनात्मक भाव से कार्य करने के लिए लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत मे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शाम्भवी द्वितीय ने अपने सम्बोधन तहसील के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए आये हुए श्रोताओं को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से अपनी समस्याओं का निराकरण के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत मे पीएलवी गिरीश पाण्डेय द्वारा कार्यक्रम में आये हुए सभी अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन पीएलवी महेंद्र त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में पीएलवी ज्योत्स्ना दुबे सहित रीनू सरोज, जुल्फिकार अली, सुषमा सरोज, शुभा पाण्डेय रोशनी, सुनील मिश्रा उपस्थित रहे।

# साथियों के साथ गए युवक की खेत में मिली लाश

**मृतक युवक के साथ गए लोग रहस्यमय तरीके से गायब हो गए हैं**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** चरवा थाना क्षेत्र के बिरहिम बाग मालक नगर गांव के बाहर ओवर ब्रिज के नीचे सरसों के खेत में एक युवक का शव मिला है सूचना पाकर मौके पर सैकड़ो लोगों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है सूचना पाकर मौके पर थाना पुलिस पहुंची है और मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है युवक की मौत पर रहस्य बरकरार है। जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के बिरहिम बाग मालक नगर का एक युवक रविवार की रात को अपने कुछ साथियों के साथ घर से सब्जी लेने को कह कर निकला था लेकिन वह वापस घर नहीं लौटा है सोमवार की सुबह जब किसान खेत की ओर जा रहे थे तो देखा कि गांव के



बाहर ओवर ब्रिज के पास सरसों के खेत में एक युवक का शव पड़ा है युवक के शव पड़े होने की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर सैकड़ो ग्रामीणों की भीड़ जुड़ गई मृतक की पहचान पवन कुमार विश्वकर्मा पुत्र स्वगीय राजा राम विश्वकर्मा निवासी बिराहिम बाग मालक नगर के रूप में हुई है सूचना पाकर मौके पर थाना पुलिस पहुंची और पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है युवक की मौत कैसे हुई है यहा रहस्य बरकरार रह गया है हालांकि मृतक युवक के साथ गए लोग रहस्यमय तरीके से गायब हो गए हैं जिससे घटना में तमाम तरह के सवाल उत्पन्न हो रहे हैं कि आखिर उसके साथ जाने वाले लोग कौन थे और युवक की मौत होने के बाद वह अचानक गायब क्यों हो गए हैं युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया है मृतक के तीन बच्चे अनन्य 5 साल पिंकी 3 साल सौरभ 2 साल और पत्नी आशा देवी का रो रो कर हाल बेहाल है।

## रेलवे स्टेशन पर मिली महिला के शव की हुई शिनाख्त

**कड़ा कौशांबी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू रेलवे स्टेशन के परसी पुर रेलवे ट्रैक पर दो दिन पहले एक महिला का शव मिला था महिला का मुंह टेप से बंद किया गया था हाथ पैर में पूरी तरह से टेप चिपकाया गया था पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया जब महिला की पहचान कराई तो जानकारी हुई कि मोहब्बत पुर पाइंसा थाना क्षेत्र के हिसाब बाद की रहने वाली महिला उमिर्ला देवी का रेलवे लाइन पर शव मिला था बताया जाता है कि कुछ लोगों को महिला की हत्या करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर रखा है और जल्द ही महिला की हत्या का खुलासा पुलिस कर सकती है।

## कोमल मौर्या ने छठे उ.प्र. स्टेट ओपेन वॉक रेस चैम्पियनशिप में प्राप्त किया प्रथम स्थान

**चंडीगढ़ में होने वाली नेशनल वॉक रेस चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में करेंगी प्रतिभाग**

**कौशांबी** जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम के खिलाड़ी कोमल मौर्या पुत्री स्व. दुखीलाल मौर्या निवासी भड़ेसर मझंनपुर ने 08 फरवरी,2026 तक पीलीभीत में छठे उ.प्र. स्टेट ओपेन वॉक रेस चैम्पियनशिप में प्रतिभाग किया। कोमल मौर्या ने छठे उ.प्र. स्टेट ओपेन वॉक रेस चैम्पियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नेशनल वॉक रेस चैम्पियनशिप,चंडीगढ़ में 21 से 22 फरवरी,2026 में होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी।कोमल मौर्या,खेलो इडिंया एथलेटिक्स सेंटर,कौशाम्बी की खिलाड़ी है। कोच संदीप कुमार खेलों इण्डिया सेन्टर (एथलेटिक्स) अजय प्रताप साहू उप क्रीड़ाधिकारी व सभी स्टाप की तरफ से शुभकामना दी गई है।

# डीएम से शिकायत के बाद बौखलाए ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव का आतंक

अखंड भारत संदेश

**पुराने खड़ंजा का ईटा उखाड़ कर नए खड़ंजा निर्माण का बजट निकल लिए जाने की एक महीने पहले डीएम से हुई थी शिकायत**

**कौशांबी।** कड़ा विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत गनपा गांव में कराए जा रहे विकास कार्यों में जमकर धांधली हुई है गांव में तमाम कार्यों में बड़े भ्रष्टाचार की एक महीने पहले जिलाधिकारी से ग्रामीणों ने शिकायत की थी जिस पर जिला अधिकारी ने संपूर्ण प्रकरण की जांच कराए जाने का निर्देश दिया था डीएम द्वारा जांच के निर्देश दिया जाने के बाद ग्राम प्रधान वा पंचायत सचिव बौखला गए हैं और बौखलाहट में वह शिकायत करने वाले लोगों को तरह-तरह से धमकी देकर प्रताड़ित परेशान कर रहे हैं और शिकायत करने वालों पर दबाव बना रहे हैं कि वह अपना शिकायती पत्र वापस ले ले और बयान बदल दें वरना डीएम से शिकायत करने वालों की खैर नहीं होगी। गानपा गांव में भ्रष्टाचार का आलम यहां था कि गांव में पूर्व समय से लगे हुए खड़ंजा को उखाड़ कर पुराने ईट को लगाकर नया खड़ंजा निर्माण दिखाकर सरकारी खजाने से लाखों का बजट निकाल लिया गया है गांव में खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है एडीओ पंचायत से लेकर खंड विकास अधिकारी तक तमाशा देख रहे हैं गांव में बढ़ते भ्रष्टाचार के बाद जिला पंचायत राज अधिकारी भी केवल तमाशा देखने तक सीमित है या फिर विकास भवन के अफसर का हिस्सा पहुंच रहा है यह तो जांच का विषय है बताया जाता है कि अधिकारियों को इनका हिस्सा गुपचुप तरीके से पहुंच जाता है जिससे गांव के भ्रष्टाचार पर जांच कर कार्यवाही करने की कोशिश विभागीय अधिकारी नही कर रहे हैं और जब डीएम से शिकायत हुई तो एक महीने बीत गए जांच नही पूरी हुई बल्कि शिकायतकर्ता को धमकी मिलने लगी जिससे जांच अधिकारी पर भी सवाल खड़े हैं बीते दो वर्षो के दौरान गांव के विभिन्न योजनाओं में जमकर धांधली हुई है ग्राम पंचायत के मजरा भैरोपुर निवासी गोविंद सिंह ने मामले की शिकायत डीएम से कर जांच कराने की मांग करते हुए दोषी ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर कार्यवाही की मांग एक महीने पहले की थी बल्कि एक महीने में जांच नही पूरी हुई और शिकायतकर्ता को धमकी मिलने लगी है। गांव में बढ़ते भ्रष्टाचार में आतंक की हद तो तब हो गई जब गोविंद ने सरकारी कार्यों में धांधली का विरोध किया तो भ्रष्टाचार तो नही रूका लेकिन थाना पुलिस भी ग्राम प्रधान के दबाव में आ गई थी और धांधली रोकने के बजाय शिकायत करने वाले गोविंद से थाना पुलिस को शांति भंग दिखाई पड़ने लगी थी और ग्राम पंचायत के निर्माण कार्यों में धांधली का विरोध करने वाले गोविंद सिंह के विरुद्ध शांति भंग की कारर्वाई थाना पुलिस ने कर दी थी जिससे ग्राम प्रधान के दबाव में काम करने की पुलिस की मनसा उजागर हुई आखिर भ्रष्टाचार मुक्त निर्माण कार्यों की बात करना कहां सरकारी कार्य में व्यवधान है और कहां इससे शांति भंग होती है लेकिन भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाने वाले पर शांति भंग की कार्यवाही कर थाना पुलिस ने जो संदेश दिया है वह चर्चा का विषय है गांव के लोगों ने बताया कि सरकारी रकम से गांव में कराए गए तमाम कार्यों में बड़ी धांधली है यदि ग्राम पंचायत में बीते दो वर्षो में कराए गए कार्यों की उच्च स्तरीय जांच हुई तो बड़ी धांधली उजागर होगी बड़े नेता का स्वजातीय होने के चलते ग्राम प्रधान के भ्रष्टाचार पर जांच करके कार्यवाही का साहस जांच अधिकारी नही कर पाते हैं जबकि बड़े नेता से इस ग्राम प्रधान का कोई खास वास्ता नही रहता है लेकिन बड़े नेता का धौस दिखाकर ग्राम प्रधान भ्रष्टाचार पर उतारू है और जांच के दौरान अधिकारियों पर दबाव बनाने में प्रधान कामयाब होता दिख रहा है जिससे निष्पक्ष तरीके से गांव के भ्रष्टाचार की जांच नही हो रही है गांव में बढ़ते भ्रष्टाचार के बाद सरकारी योजनाओं के लाभ से गांव के लोग वंचित हो रहे हैं जो विकास योजनाओं पर बड़े सवाल खड़े कर रहे हैं।

# एएसपी की समीक्षा बैठक विवेचनाओं में गुणवत्ता व समयबद्ध निस्तारण के दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले में अपराध नियंत्रण विवेचनाओं की गुणवत्ता तथा प्रभावी पुलिसिंग को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 08 फरवरी को अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा अदली रूम की महत्वपूर्ण बैठकों का आयोजन किया गया। यह बैठक क्षेत्राधिकारी कार्यालय सिराथू में थाना सैनी के विवेचकों तथा थाना मंझनपुर में संबंधित विवेचकों के साथ सम्पन्न हुई।बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना स्तर पर लंबित विवेचनाओं की गहन समीक्षा करते हुए प्रत्येक प्रकरण की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने समस्त विवेचकों को निर्देशित किया कि विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण,निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि पीड़ितों को त्वरित न्याय मिल सके और पुलिस की कार्यप्रणाली पर जनता का विश्वास और मजबूत हो।



अपर पुलिस अधीक्षक ने अपराध नियंत्रण को प्राथमिकता देते हुए अभियोगों की प्रगति,प्रभावी पुलिसिंग, साक्ष्य संकलन की गुणवत्ता तथा विधिक प्रक्रियाओं के समुचित पालन पर विशेष बल दिया। साथ ही पुलिस कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने, जनहित को सर्वोपरि रखने तथा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि बेहतर विवेचना ही मजबूत अभियोजन और अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की आधारशिला है।बैठकों में क्षेत्राधिकारी सिराथू सहित थाना सैनी एवं थाना मंझनपुर के समस्त विवेचक उपस्थित रहे।इन समीक्षा बैठकों से जनपद में पुलिसिंग की गुणवत्ता में सुधार तथा लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण की दिशा में सकारात्मक संदेश गया है।

# फरियादियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु एसपी ने किया ऑनलाइन संवाद



**पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा की गई जनसुनवाई**

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा सोमवार को पुलिस कार्यालय में आम जनमानस की समस्याओं के निस्तारण हेतु जनसुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थित फरियादियों द्वारा प्रस्तुत शिकायती प्रार्थना पत्रों को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा संबंधित प्रभारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा यह निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए ताकि आमजन को शीघ्र राहत मिल सके तथा पुलिस पर जनता का विश्वास और अधिक मजबूत एवं सुदृढ़ हो।

**कौशाम्बी।** फरियादियों की समस्याओं के त्वरित, प्रभावी एवं पारदशी निस्तारण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा प्रतिदिन एक अभिनव एवं सराहनीय पहल की जा रही है। इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों पर उपस्थित फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं के संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों से ऑनलाइन माध्यम से संवाद स्थापित किया जा रहा है।इस ऑनलाइन संवाद के दौरान फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना जा रहा है तथा प्रत्येक प्रकरण का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण नियमानुसार एवं पारदशी प्रक्रिया के तहत हो, ताकि फरियादियों को अनावश्यक रूप से बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें तथा उन्हें समय पर न्याय मिल सकें। यह पहल जनपद में पुलिस-जन संवाद को सुदृढ़ करने एवं जनता के विश्वास को और अधिक मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## 11 जनसेवा केन्द्र की आई.डी. तत्काल प्रभाव से की गई निरस्त

**कौशांबी।** भारत सरकार द्वारा संचालित फार्मा रजिस्ट्री योजनान्तर्गत एग्री स्टैक पोर्टल पर जनपद कौशाम्बी के समस्त कृषकों के रजिस्ट्रेशन का कार्य जन सेवा केन्द्र सी.एस.सी. के माध्यम से किया जाना है। जनपद कौशाम्बी में कृषको के रजिस्ट्रेशन की प्रगति बहुत ही खराब है, जिसके लिए जिलाधिकारी के निर्देशानुसार समस्त ग्राम पंचायतों में स्थापित समस्त जनसेवा केन्द्र से कृषकों का फॉर्मर रजिस्ट्रेशन का कार्य अभियान चलाकर कराया जा रहा है।यह जानकारी अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) शालिनी प्रभाकर ने देते हुए बताया कि इस अभियान में सभी जनसेवा केन्द्र संचालकों द्वारा आवश्यक सहयोग करते हुए अधिक से अधिक कृषकों का रजिस्ट्रेशन किया जाना है, जिसमें पाया गया है कि निरन्तर दिये गये निर्देशों के बावजूद जनसेवा केन्द्र संचालको द्वारा अपने ग्राम पंचायतों से सम्बन्धित कृषको का पंजीकरण कार्य में लापरवाही बरती जा रही है, जिसके कारण जनपद की प्रगति में वृद्धि नहीं हो पा रही है। जनसेवा केन्द्र संचालक-तौसीफ अहमद, गौरव पांडेय, ज्ञान सिंह पारस मनी वर्मा, शारदा प्रसाद,घनश्याम सिंह, विवेक कुमार, अश्वनी कुमार, मुकेश, रमेश गौतम एवं दिलशाद अहमद की सम्बन्धित जन सेवा केन्द्र आई.डी. तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। अब तक कुल 55 जनसेवा केन्द्र संचालकों की आई.डी. निरस्त कर दी गई है।

## स्वास्थ्य विभाग के किस अफसर के संरक्षण में सीपीएम कर रही है आशाओं से वसूली

**कौशांबी।** जिले के स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा है अवैध तरीके से अस्पतालों के संचालन को बढ़ावा देकर वसूली मनमानी तरीके से डॉक्टरों की तैनाती में वसूली सरकारी डॉक्टर को निजी प्रैक्टिस की छूट देकर उनसे वसूली जन सुविधाओं के लिए संचालित योजनाओं में कमीशन के नाम पर वसूली के बाद अब आशाओं को मानदेय दिलाने के नाम पर 3000 की वसूली सीपीएम द्वारा किया जा रहा है पूरे जिले के विकासखंड क्षेत्र में सीपीएम की अवैध वसूली से आशाओं में आक्रोश व्याप्त है बार-बार शिकायत सीएमओ तक होती है मामले की जांच के निर्देश दिए जाते हैं लेकिन उसके बाद जांच के नाम पर अफसर के दबाव में लीपा पोती हो जाती है जिससे वर्षो बीत जाने के बाद आशाओं से होने वाली वसूली नहीं बंद हुई है और आशाएं परेशान हैं सीपीएम की डिमांड नहीं पूरी होती तो आशाओं का मानदेय नहीं बनाया जाता है जिससे आशाएं अपने मानदेय के लिए परेशान रहती हैं मामले को लेकर बीते दिनों सिराथू क्षेत्र की एक दर्जन आशाओं ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से सीपीएम रानी निषाद की शिकायत कर अवैध वसूली पर रोक लगाने की मांग की जिस पर सीएमओ ने फिर जांच शुरू कर दी है सूत्र बताते हैं कि शिकायत की जांच शुरू होते ही अब रानी निषाद का आतंक और बढ़ गया है और आशाओं को डरा धमकाकर उन पर दहशत बनाकर बयान बदलने का दबाव बनाया जा रहा है जो आशाएं बयान बदलने को तैयार नहीं है उन्हें तरह-तरह की धमकी दी जा रही है अब सवाल उठता है कि स्वास्थ्य विभाग के किस अफसर के संरक्षण में आशाओं से 3000 महीने की वसूली ब्लॉक क्षेत्र में सीपीएम द्वारा किया जा रहा है यह बड़ी जांच का विषय है और जांच हुई तो सीपीएम के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारियों के चेहरे भी भ्रष्टाचार के बदनुमा धब्बे में बेनकाब होंगे सिराथू तहसील क्षेत्र की सीपीएम के आतंक अत्याचार से दर्जनों आशाएं भयभीत है बीते कई वर्षो से पूरे जिले में आशाओं से खुलेआम अवैध धन वसूली सीपीएम द्वारा की जाती है और मॉनिटरिंग के नाम पर शासन ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी की जिम्मेदारी दी है लेकिन मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नाक के नीचे उनके विभाग के कमर्चारियों द्वारा खुलेआम लाखों रुपए महीने की वसूली होती है और इन्हें अवैध वसूली की महक तक नहीं मिल रही है जिससे सीएमओ की भूमिका पर भी बड़े सवाल खड़े हैं।

## 29 वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस कुश्ती क्लस्टर महिला/पुरुष प्रतियोगिता वर्ष-2026 प्रयागराज जोन, प्रयागराज का आयोजन

**कौशांबी।** जिले में 29 वी अन्तर्जनपदीय पुलिस कुश्ती क्लस्टर ( महिला/पुरुष ) प्रतियोगिता वर्ष-2026 प्रयागराज जोन, प्रयागराज का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम कौशाम्बी में दिनांक 07.02.2026 से दिनांक 09.02.2026 तक किया गया। जिसका शुभारम्भ दिनांक 07.02.2026 को राजेश कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा किया गया था । प्रतियोगिता में प्रयागराज जोन के 07 जनपद ( प्रयागराज, प्रतापगढ़, फतेहपुर, कौशाम्बी, चित्रकूट, महोबा व बांदा ) के टीमों के 72 खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया गया । सभी प्रतियोगिताएं नाक आउट आधार पर खेली गयी। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली सभी जनपदों की टीमों ने उच्च कोटि ने अनुशासन में रहते हुए भाग लिया गया। प्रतियोगिता का समापन दिनांक 09.02.2026 को पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा किया गया इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आज के फाइनल मुकाबले में बाक्सिंग ( पुरुष वर्ग )में जनपद कौशाम्बी के आरक्षी राजेश कुमार यादव एवं जनपद प्रतापगढ़ के आरक्षी मुकेश कुमार के मध्य खेला गया, जिसमें जनपद कौशाम्बी के आरक्षी राजेश कुमार यादव विजेता रहें। इस अवसर पर राजेश कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी, क्षेत्राधिकारी लाइन जनेश्वर प्रसाद पाण्डेय,प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन देवपाल एवं जनपद के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण तथा समस्त टीमों के कोच और खिलाड़ी उपस्थित रहें।

## कुष्ठ रोगियों से भेदभाव समाप्त कर गरिमा सुनिश्चित करने की दिलायी गई प्रतिज्ञा

**कौशांबी।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार के आदेशानुसार डॉ0 कादिर हुसैन हाशमी जिला कुष्ठ परामर्शदाता के नेतृत्व में जिला कुष्ठ टीम ने जिला कारागार में जेल अधीक्षक अजितेश कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्य तिथि 30 जनवरी,2026 से 13 फरवरी,2026 तक मनाये जाने वाले स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान-2026 को मनाया गया। संचालन नरेन्द्र द्विवेदी द्वारा करते हुए स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के उद्देश्य व जागरूकता के सम्बन्ध में बताया गया। कुष्ठ पयर्वेक्षक बी0एम0 सिंह द्वारा कुष्ठ रोग के लक्षण व पहचान, पुन्नव द्वारा हाथ, पैर और आखों के देखभाल के विषय में बताया गया। डॉ कादिर ने बताया कि 20 सम्भावित रोगियों कैदियों का परीक्षण किया, जिसमें एक रोगमुक्त कुष्ठ रोगी एवं एक नया कुष्ठ रोगी मिला। नये कुष्ठ रोगी पंजिकरण करवाते हुए एम0डी0टी0 दवा प्राम्भ करवाया गया। जेल अधीक्षक अजितेश द्वारा जिलाधिकारी के संदेश को पढ़कर करागार के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों व कैदियों को कुष्ठ मुक्त जनपद बनाने, भेदभाव नहीं करने एवं कुष्ठ प्रभावित व्यक्तियों से जुडे कलंक और भेदभाव को समाप्त करने और उनको समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए भेदभाव समाप्त कर गरिमा सुनिश्चित करें की प्रतिज्ञा दिलवाकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# सवाल उठता है कि व्यापारी परिवार पुलिस अधिकारी की बात माने कि फिर अपराधियों की बात माने

अखंड भारत संदेश

**मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपियों को बचाने का ठेका लेने वाले का पीड़ित परिवार पर आतंक शुरू**

**सांसद के रिश्तेदार बन कर जिले के व्यापारियों के साथ आए दिन करते है अत्याचार**

**कौशांबी।** एक सांसद के रिश्तेदार बनकर उनके स्वजातीय लोगों द्वारा जिले में आतंक मचाया जा रहा है व्यापारी के साथ आए दिन मारपीट की जाती है गाली गलौज किया जाता है पूरे जिले के व्यापारियों को परेशान कर धन वसूली की जा रही है जिससे जिले के व्यापारी वर्ग परेशान हो गए हैं ताजा मामला महेवा घाट थाना क्षेत्र के गरौली गांव के मणि शंकर का सामने आया है जहां ग़रौली गांव निवासी झरलु सरोज प्रदेश की राजनीति करने वाले बड़े नेता का अपने को रिश्तेदार बताता है इस बात का ऑडियो वीडियो भी वायरल हो रहा है झल्लू सरोज की आम शोहरत ठीक नहीं है व्यापारी की दुकान में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने के बाद सबसे ज्यादा झरलू सरोज को दिक्कत हो रही कि उसके काली करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो जाएगी और उसकी करतूत के चलते वह दंडित होगा जिससे वह सबसे पहले सीसीटीवी कैमरा लगाने वाले व्यापारी को परेशान कर रहा है कि सीसीटीवी कैमरा हटा लो पुलिस अधिकारियों का कहना है कि व्यापारियों द्वारा दुकान और घर पर सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए जिससे घटनाओं की जानकारी मिल सके दूसरी तरफ अपराधी सीसीटीवी कैमरा हटाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लग रहे हैं। व्यापारी ने अपने कोचिंग संस्थान में सीसीटीवी कैमरा लगवाया है जिससे झरडू सरोज को दिक्कत होती है और सीसीटीवी कैमरा हटाने के लिए झरलू सरोज व्यापारी के घर पहुंच गया और वहां जमकर गाली गलौज की मामले में थाना पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 21 सन 2026 महेवाघाट थाने में दर्ज कर लिया है लेकिन घटना को चार दिन बीत चुके हैं अभी तक व्यापारी के साथ आतंक करने वाले झरलु सरोज की गिरफ्तारी नहीं हुई है बताया जाता है कि झरलू सरोज को बचाने के लिए एक बाहुबली पूर्व सांसद के रिश्तेदारों के साथ चलने वाले एक व्यक्ति ने ठेका ले लिया है इनका ठिकाना भी टेवा के आसपास है उनकी भी गतिविधियां ठीक नहीं है और आए दिन यह संगठित अपराध गांजा अफीम चरस के धंधे में शामिल बताए जाते हैं और पुलिस के नाम पर इस बाहुबली पूर्व सांसद के रिश्तेदारों के साथ चलने वाले लोगों ने थाना पुलिस के नाम पर मुकदमे के आरोपी से रुपए वसूल कर लिया है और व्यापारी परिवार पर मुकदमा वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है यह बाहुबली पूर्व सांसद इन दिनों जेल में बंद है और उनके नाम पर उनके लोगों द्वारा व्यापारी वर्ग के साथ आतंक अत्याचार किया जा रहा है और अपराधियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है जिससे पीड़ित परिवार भयभीत दिखाई पड़ रहा है अब सवाल उठता है कि व्यापारी परिवार पुलिस अधिकारी की बात मान कर सीसीटीवी कैमरा लगाए या फिर अपराधियों की बात मान कर सीसीटीवी कैमरा हटा ले।

## न्यूज झरोखा

### डॉ. ए.एच. रिजवी डिग्री कॉलेज में माय भारत बजट क्वेस्ट- 2026 पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



**कौशांबी।** डॉ. ए.एच. रिजवी डिग्री कॉलेज में माय भारत बजट क्वेस्ट-2026 पर दिनांक 09/02/2026 को राष्टीय सेवा योजना के छात्र- छात्राओं ने निबंध प्रतियोगिता में शामिल होकर अपने विचारों को निबंध के माध्यम से व्यक्त किया इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश सक्सेना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कैप्टन अबूतल्हा अंसारी डॉ. मुकुंद देव द्विवेदी, गुलनाज नकवी, सुनील अग्रहरी इत्यादि शिक्षक उपस्थित रहे। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सामिया परवीन द्वितीय स्थान जैनब अंसारी तृतीय स्थान मो.आलियान एवं खुशी चौधरी ने सम्मिलित रूप से प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाया गया है और अन्य छात्रों से आगे भविष्य में बेहतर निबंध प्रतियोगिता की तैयारी करने का सुझाव दिया गया है।

### विदनपुर स्कूल की सहायक अध्यापिका का ब्रेन टयूमर की बीमारी से हुआ देहावसान



**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत बिदनपुर आमद करारी ग्राम पंचायत के प्राथमिक विद्यालय की सरल व सौम्य अध्यापिका कृष्णावती कुशवाहा को ब्रेन टयूमर की बीमारी थी पहले इलाज चल रहा था लेकिन अचानक दुबारा तबियत खराब होने से बीती देर रात्रि इलाज के दौरान प्रयागराज के अस्पताल में उनका देहावसान हो गया है सहायक अध्यापिका की मौत की जानकारी जैसे ही विद्यालय तक पहुंची ग्राम पंचायत के चिरपरिचित लोग व अध्यापकों में शोक की लहर फैल गई बड़े ही दुख के साथ सभी सहयोगीगण ने घटना के बारे में सभी को सूचित किया बताया जाता है कि श्रीमती कृष्णावती कुशवाहा सहायक अध्यापिका बिदनपुर का कमला नेहरू हास्पिटल प्रयागराज में रात्रि लगभग 2 बजे इलाज के दौरान मौत हो गई है मृतक शिक्षिका अपने पीछे दो बच्चे एक लड़की व एक लड़का जो लगभग क्रमशः 20, 22 वर्ष है छोड़ कर चली गई है शिक्षिका की मौत के बाद बच्चों समेत पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है मौत की जानकारी मिलते ही विद्यालय में भी शौक की लहर है

### मोटापा की दवा खाते ही फिर हुई व्यापारी की मौत

**आखिर मोटापा कम करने की दवा या फिर जहर खिलाकर मौत देने का सिलसिला है शुरू**



**कौशांबी।** जिले में इन दिनों आयुर्वेदिक की दवा बेचने के नाम पर एक गिरोह सक्रिय है जो दवा के नाम पर जहर बेच करके लोगों की मौत दे रहा है जनपद मुख्यालय मंझनपुर के जिला अस्पताल के सामने इस गैंग का सरगना द्वारा कार्यालय खोलकर दवा की बिक्री के लिए एजेंट बनाया जाता है और पूरे जिले में दवा की बिक्री की जा रही है मोटापा कम करने के नाम पर लोगों को दवा खिलाई जा रही है और दवा खाने वालों से मोटी रकम वसूली की उम्मीद लगाई जाती है लेकिन एक-एक करके कई लोगों की मोटापे की दवा खाने के बाद मौत हो गई है और मौत होने के बाद दवा खिलाने वाले लोगों पर अभी तक कार्यवाही नहीं हुई है बताया जाता है कि दो दिन पहले फिर कोखराज थाना क्षेत्र के साईंगंज निवासी ईट भट्ठा व्यापारी मुकेश कुमार चौरसिया भरवारी कस्बे के पानी टंकी के पास मोटापा कम करने की दवा खाने गए थे जैसे ही मोटापा कम करने की दवा उन्हें कथित डॉक्टर ने पिलाया और टेबलेट खिलाया वैसे ही उन्हें चक्कर आने लगा उल्टी होने लगी मोटापा कम करने की दवा खाते ही वहीं पर व्यापारी गिर पड़े आनन फानन में उन्हें भरवारी के एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने बताया कि इनकी हालात बेहद गंभीर है और निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने उन्हें प्रयागराज ले जाने की सलाह दिया परिवार के लोग व्यापारी मुकेश कुमार चौरसिया को इलाज के लिए प्रयागराज ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में उनकी मौत हो गई है मौत होने के बाद परिवार में कोहराम मच गया है परिवार के लोगों ने बताया कि भरवारी कस्बे के पानी टंकी मोहल्ले में एक नमकीन बनाने वाले के घर से दंपत्ति द्वारा मोटापा कम करने के नाम पर दवा खिलाई और पिलाई जाती है जो मौत का कारण बन रही है इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय कुमार से बात की गई तो उनका कहना है कि मामला तो बेहद गंभीर है लेकिन यह आयुर्वेद विभाग से जुड़ा हुआ है लेकिन फिर भी वह मामले की जांच कराएंगे और दोषी पाए जाने पर कठोर कार्यवाही करेंगे इस संबंध में राजकीय आयुर्वेदिक यूनानी चिकित्सालय के जिला प्रभारी डॉ प्रीतम सिंह से बात की गई तो उनका कहना कि जांच करवा करके दवा खिलाने पिलाने वाले लोगों पर कठोर कारर्वाई की जाएगी

### मजदूरी करने गए युवक की लुधियाना में मौत वीरेन्द्र फौजी ने मदद को बढ़ाया हाथ



**महेवा घाट कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के पूरब शरीरा गांव का युवक सुजीत गौतम रोजी-रोटी के चलते मजदूरी करने लुधियाना गया था जहां शनिवार की शाम सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई है मजदूर की मौत की जानकारी मिलने के बाद नगर पालिका अध्यक्ष बीरेंद्र सरोज फौजी ने लुधियाना सड़क हादसा में काल के गाल में समा गए सुजीत गौतम के परिजनों के घर जाकर मुलाकात करते हुए आर्थिक मदद की लुधियाना से मृतक के शव को घर लाने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष ने पूरा प्रबंध किया है.सुजीत गौतम की कमाई से परिवार की रोटी चलती थी मौत के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### शिव बाबू चौरसिया की पत्नी का हुआ निधन

भरवारी कौशांबी। नगर पालिका परिषद भरवारी के पुरानी बाजार निवासी महेश चौरसिया पिया पान भंडार वाले के भाई शिव बाबू चौरसिया की धर्मपत्नी का स्वर्गवास हो गया उनका अंतिम संस्कार 9 फरवरी दिन सोमवार दोपहर मुक्तिधाम निकट नदी वाणी स्कूल के पास सैकड़ो लोगों की उपस्थिति में किया गया है अंतिम यात्रा में शामिल लोगों ने कहा कि भगवान मृतक के परिवार को इस दुःख की घड़ी में दुःख सहने की क्षमता प्रदान करे और मृतक आत्मा को भगवान अपने श्री चरणों में स्थान दे दो मिनट का मौन रखकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की गई है

### ग्रामसभा म्योहर में शौचालय मूत्रालय घोटाला उजागर

**प्रधान-सचिव ने सरकारी पैसे को बनाया निजी कमाई का जरिया**

**कौशाम्बी।** जहां एक ओर सरकार स्वच्छ भारत मिशन के तहत लाखो करोड़ों रुपए खर्च कर रही है वही कौशांबी विकास खंड के ग्रामसभा म्योहर में प्रधान और सचिव ने खुलेआम सरकारी धन की लूट मचा रखी है वर्ष 2023 में बाजार के पास बनाए गए सार्वजनिक मूत्रालय का निर्माण घटिया सामग्री से किया गया, जो मात्र एक सप्ताह में ही जमींदोज हो गया था यह साफ दर्शाता है कि निर्माण केवल कागजों में हुआ और जमीन पर भ्रष्टाचार की नींव रखी गई ग्रामीणों द्वारा आईजीआर एस पर शिकायत किए जाने के बाद भी निष्पक्ष जांच के बजाय केवल लीपापोती कर मामले को दबा दिया गया इसके बाद सचिव और सहायक विकास अधिकारी ने मिलीभगत कर झूठी रिपोर्ट तैयार की, जिसमें इस सरकारी निर्माण को प्रधान की समाजसेवा बताकर रिकॉर्ड में हेरफेर किया गया आरटीआई से प्राप्त दस्तावेजों ने पूरे खेल का पर्दाफाश कर दिया है सरकारी रिकॉर्ड में साफ दर्ज है कि प्रधान और सचिव ने इस मूत्रालय के नाम पर 75 हजार रुपये की धनराशि निकाल ली जबकि जनता को आज तक एक मजबूत शौचालय मूत्रालय तक नसीब नहीं हुआ सबसे गंभीर बात यह है कि संबंधित अधिकारियों ने भी आंख मूंदकर इस घोटाले पर पर्दा डालने का काम किया इससे यह स्पष्ट होता है कि यह सिर्फ प्रधान-सचिव की करतूत नहीं,बल्कि पूरे ब्लॉक स्तर पर चल रहा संगठित भ्रष्टाचार है ग्रामीणों का आरोप है कि ग्रामसभा में वर्षो से विकास के नाम पर करोडो रुपये का गबन किया गया है, जिसकी आज तक कोई उच्चस्तरीय जांच नहीं हुई यदि ग्राम सभा में 5 वर्षो में कराए गए विकास कार्यों की शासन स्तर से उच्च स्तरीय जांच कराई गई तो बड़ा घोटाला उजागर होगा।

# मिशन-500 या कूटनीतिक आत्मसमर्पण? भारत-अमेरिका डील के अनकहे पहलू

## सम्पादकीय

### गड्ढों वाली व्यवस्था और खतरे में पड़ता जीवन

**गड्ढों** में गिरी व्यवस्था में समाप्त होता जीवन आज के भारत की एक ऐसी विडंबना बन चुका है, जिसे देखकर मन भीतर तक सिहर उठता है। नोएडा में कार सवार युवा इंजीनियर की गड्ढे में गिरकर मौत का दर्द अभी समाज के मन से उतरा भी नहीं था कि दिल्ली में बाइक सवार युवक की जान एक खुले गड्ढे ने लील ली। दोनों घटनाओं में समानता यह है कि गड्ढे प्रशासन द्वारा विकास या मरम्मत के नाम पर खोदे गए थे और दोनों जगह न तो कोई बैरिकेडिंग थी, न चेतावनी बोर्ड, न रोशनी की व्यवस्था। मानो व्यवस्था ने पहले गड्ढा खोदा और फिर निश्चिंत होकर वहां से हट गई कि अब जो होगा, वह नागरिक की किस्मत है। यही वह सोच है जो किसी भी समाज को भीतर से खोखला कर देती है।
प्रश्न यह नहीं है कि गड्ढे क्यों खोदे गए, प्रश्न यह है कि गड्ढे खोदकर लोगों को मौत के मुंह में धकेलने का अधिकार प्रशासन को किसने दिया। क्या विकास का अर्थ यह हो गया है कि सड़कों पर चलते हुए हर नागरिक अपनी जान हथेली पर रखे। क्या शहरों की चमक-दमक और बड़े-बड़े दावों के बीच आम आदमी का जीवन इतना सस्ता हो गया है कि उसकी मौत पर सिर्फ एक खबर छप जाए, दो दिन बहस हो और फिर सब कुछ सामान्य हो जाए। यह सामान्य हो जाना ही सबसे बड़ा खतरा है, क्योंकि जब मौतें सामान्य लगने लगें, तब व्यवस्था की संवेदनशीलता मर चुकी होती है। दिल्ली जल बोर्ड द्वारा खोदा गया गड्ढा हो या नोएडा की किसी एजेंसी का, जिम्मेदारी तय करने की प्रक्रिया हर बार एक जैसी रहती है। अफसर निलंबित कर दिए जाते हैं, जांच समितियां बना दी जाती हैं, 24 या 48 घंटे में रिपोर्ट देने की घोषणा होती है और कुछ समय बाद वही फाइलें धूल फांकने लगती हैं।
निलंबन और जांच अब समाधान नहीं, बल्कि एक औपचारिक रस्म बन गई है। सवाल यह है कि क्या निलंबन से मरे हुए बेटे लौट आते हैं, क्या जांच समितियों से टूटे हुए परिवार फिर से जुड़ जाते हैं। जब तक जवाबदेही केवल कागजों पर सिमटी रहेगी, तब तक गड्ढों में गिरती जिंदगियां यूं ही व्यवस्था का शिकार बनती रहेंगी। इस पूरी तस्वीर का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि बड़े शहरों में ऐसी घटनाएं कम से कम चर्चा में तो आती हैं, मीडिया सवाल तो उठाता है, लेकिन छोटे शहरों, कस्बों और गांवों में यही गड्ढे रोज जिंदगियां निगल रहे हैं और खबर तक नहीं बनते। वहां न कैमरा पहुंचता है, न कोई प्रतिनिधि, न कोई जांच समिति। वहां मौतें सिर्फ परिवारों की निजी त्रासदी बनकर रह जाती हैं। क्या नागरिक का मूल्य शहर के आकार से तय होगा। क्या महानगरों का नागरिक ज्यादा कीमती है और छोटे शहरों का नागरिक सस्ता। यह असमानता केवल संसाधनों की नहीं, बल्कि संवेदनाओं की भी है। हम एक ओर विकसित भारत, सशक्त भारत, विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की बात करते हैं, दूसरी ओर हमारी सड़कों पर खुले गड्ढे हमें आईना दिखाते हैं। विकास की रफ्तार तेज हो सकती है, लेकिन यदि उस रफ्तार में सुरक्षा, जिम्मेदारी और मानवीय संवेदना नहीं जुड़ी, तो वह रफ्तार विनाश की ओर ही ले जाएगी। यह विडंबना ही है कि हम स्मार्ट सिटी की बातें करते हैं।

– अरुण कुमार डनायक

**एक** और गंभीर पहलू रूसी तेल आयात का है। इसके दूरगामी कूटनीतिक और आर्थिक परिणाम होंगे। रूसी तेल आयात पर प्रतिबंध या सीमित प्रतिबद्धता से भारत की ऊर्जा सुरक्षा, मुद्रास्फीति और रणनीतिक स्वायत्तता प्रभावित हो सकती है। इससे यह संदेश भी जाएगा कि भारत वैश्विक दबावों के सामने स्वतंत्र निर्णय लेने में असमर्थ हो रहा है।
मैंने भारत-अमेरिका द्विपक्षीय संबंधों और व्यापार वार्ता पर लगातार पांच आलेख लिखे–जो विभिन्न समाचार पत्रों में समय-समय पर प्रकाशित हुए। भारत-अमेरिका डील का दावा राष्ट्रपति ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर किया। उसके बाद, मेरे पूर्व आलेखों में व्यक्त आशंकाएं और विश्लेषण एक-एक कर सत्य सिद्ध होते दिखाई दे रहे हैं। इस व्यापार समझौते ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जिस 'रणनीतिक साझेदारी' को सरकार उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत कर रही है, उसके भीतर कई अनसुलझे प्रश्न दबे हैं, जिन्हें अब सार्वजनिक बहस के बिना टाला नहीं जा सकता।
प्रधानमंत्री मोदी की सरकार इस समझौते को 'वंडरफुल' बताते हुए 'मिशन-500' का अहम पड़ाव मान रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति का दावा है कि भारत ने अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं को शून्य की ओर ले जाने, 500 अरब डॉलर से अधिक के अमेरिकी सामान खरीदने और रूसी तेल आयात बंद करने पर सहमति जताई है। भारतीय सरकार ने इन दावों की पुष्टि नहीं की और केवल अमेरिकी टैरिफ में 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किए जाने का स्वागत किया।
पारदर्शिता की इस कमी पर विपक्ष ने गंभीर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर का कहना है कि सार्वजनिक डोमेन में केवल ट्रंप के बयान हैं, कोई लिखित या संयुक्त वक्तव्य नहीं। योगेंद्र यादव ने पूछा है कि क्या सरकार ने अमेरिकी दबाव में आकर कृषि जैसे संवेदनशील क्षेत्र में दरवाजे खोल दिए हैं। संसद सत्र के दौरान सदन को विश्वास में लिए बिना किए गए ऐसे समझौते लोकतांत्रिक मयार्दाओं पर प्रश्नचिह्न लगाते हैं।
सबसे अधिक चिंता कृषि क्षेत्र को लेकर है। अमेरिकी कृषि मंत्री ने कहा है कि यह समझौता अमेरिकी किसानों के लिए है और उनके उत्पादों को भारत के 'विशाल बाजार' में प्रवेश मिलेगा। अमेरिका में कृषि को भारी सब्सिडी मिलती है; ऐसे सस्ते उत्पाद यदि भारतीय मंडियों में उतरें, तो घरेलू किसानों की कीमतें और आय दबाव में आ सकती हैं।
यह वही कृषि क्षेत्र है जिसे सरकार अब तक 'रेड लाइन' बताती रही थी। हालांकि सरकार और कुछ विशेषज्ञ यह संकेत दे रहे हैं कि गेहूं, चावल और न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रणाली सुरक्षित हैं। अन्य क्षेत्रों जैसे डेयरी, पोल्ट्री और प्रोसेस्ड फूड पर दबाव बढ़ सकता है। कृषि पर प्रभाव काफी हद तक विवरणों पर निर्भर करेगा। यदि संवेदनशील क्षेत्र संरक्षित रहते हैं, तो नुकसान कम होगा; अन्यथा, किसान आंदोलन जैसी चुनौतियां संभव हैं। विश्लेषकों का यह भी मानना है कि जब तक साझा दस्तावेज सामने न आए, इसे अंतिम सौदा नहीं बल्कि राजनीतिक संकेत के रूप में ही देखा जाना चाहिए।
मैंने पहले भी कहा था कि कृषि क्षेत्र अत्यंत संवेदनशील है और भारत को आयात से संरक्षण देना चाहिए, ताकि




खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण रोजगार सुरक्षित रहें। साथ ही, भारत और अमेरिका के बीच कृषि क्षेत्र में सहयोग बढ़ने से निर्यात अवसर, तकनीकी सहयोग और रोजगार जैसे फायदों से इनकार नहीं किया जा सकता, और इससे भारतीयों की खाद्य समस्याओं का समाधान भी संभव है। अब हमें इंतजार करना होगा कि सरकार इस डील की पूरी जानकारी सार्वजनिक करे, ताकि सभी संदेह और अनिश्चितताएं दूर हो सकें। उद्योग जगत को तो इस समझौते का स्वागत करना ही था और उसने सरकार के सुर से सुर मिलाने में विलम्ब नहीं किया है। आर्थिक दृष्टि से सरकार और उद्योगपति इस समझौते को सकारात्मक बता रहे हैं और उम्मीद जताई जा रही है कि, इससे भारत की जीडीपी वृद्धि में लगभग 0.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो सकती है। गोल्डमैन सेंसैक्स ने भी व्यापार नीति में अनिश्चितता घंटने और निवेश भावनाओं में सुधार की बात कही है। शेयर बाजार में तेजी, रुपये की मजबूती और विदेशी पूंजी के लौटने के संकेत भी इसी उम्मीद से जुड़े हैं।
लेकिन इन सकारात्मक अनुमानों के बीच यह प्रश्न बना हुआ है कि लाभ किसे और किस कीमत पर मिलेगा। निर्यातकों और बड़े उद्योगों को राहत मिल सकती है, पर कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर जोखिम बढ़ता दिख रहा है। पहले के उच्च अमेरिकी टैरिफ से भारत का निर्यात घटा था, लेकिन आयात बढ़ने से व्यापार घाटा और गहराने की आशंका भी है।
इस समझौते का एक अपेक्षाकृत कम चर्चित, लेकिन महत्वपूर्ण पहलू प्रवासी भारतीयों से जुड़ा है। टैरिफ में कमी से अमेरिका में भारतीय वस्तुएं–जैसे वस्त्र, मसाले, दवाइयां और उपभोक्ता सामान–कुछ सस्ती हो सकती हैं। इससे प्रवासी भारतीयों की बचत बढ़ेगी और भारत को भेजी जाने वाली रेमिटेंस पर इसका सकारात्मक असर पड़ सकता है। यह लाभ वास्तविक है, लेकिन इसका दायरा सीमित है ।
एक और गंभीर पहलू रूसी तेल आयात का है। इसके दूरगामी कूटनीतिक और आर्थिक परिणाम होंगे। रूसी तेल आयात पर प्रतिबंध या सीमित प्रतिबद्धता से भारत की ऊर्जा सुरक्षा, मुद्रास्फीति और रणनीतिक स्वायत्तता प्रभावित हो सकती है। इससे यह संदेश भी जाएगा कि भारत वैश्विक दबावों के सामने स्वतंत्र निर्णय लेने में असमर्थ हो रहा है। अमेरिकी तेल महंगा है और उसकी ढुलाई लागत भी अधिक है। ऐसे में आयात संरचना बदलने से मुद्रास्फीति और चालू खाते पर दबाव बढ़ सकता है, और इससे आम उपभोक्ता तथा समग्र अर्थव्यवस्था पर अतिरिक्त बोझ पड़ना तय है।
यह प्रश्न एक बार फिर अनुत्तरित है कि भारत की नीतिगत घोषणाएं वॉशिंगटन से क्यों होती हैं, संसद से क्यों नहीं? अब असली सवाल यह नहीं रह गया है कि चेतावनियां दी गई थीं या नहीं, बल्कि यह है कि सरकार ने उन्हें अनसुना क्यों किया? क्या यह जल्दबाजी थी, राजनीतिक छवि-निर्माण की हड़बड़ी थी, या यह मान लिया गया था कि बाद में संसद और जनता को समझा लिया जाएगा? जब तक समझौते का पूरा, लिखित और लागू करने योग्य पाठ सार्वजनिक नहीं होता और उस पर संसद में बहस नहीं होती, जश्न मनाना आधारहीन है।
सरकार भले ही इसे उपलब्धि बता रही हो, लेकिन संसद, किसान और नीति-जगत इसे मोदी सरकार की कूटनीतिक जल्दबाजी और लोकतांत्रिक अपारदर्शिता का परिणाम मान रहे हैं। यह समझौता मोदी सरकार की कूटनीतिक असफलता का प्रतीक है, जहां ट्रंप के 'अमेरिका फर्स्ट' के सामने भारत झुकता दिखाई देता है। यह समय उत्सव का नहीं, बल्कि सतर्कता और जवाबदेही का है–क्योंकि दांव पर केवल व्यापार नहीं, बल्कि भारत की कृषि, ऊर्जा सुरक्षा, विदेश नीति और लोकतांत्रिक विश्वसनीयता है।

## कांग्रेस की मासिक बैठक संपन्न, मतदाता सूची व मनरेगा पर सरकार को घेरा

अखंड भारत संदेश

**सुल्तानपुर। रविवार** को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा की अध्यक्षता में पार्टी की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में ब्लॉक अध्यक्षों, जिला कमेटी के पदाधिकारियों व विधानसभा/ब्लॉक प्रभारियों की सक्रिय सहभागिता रही। बैठक का मुख्य केंद्र बिंदु एसआईआर (रक्फ़) के माध्यम से मतदाता सूची में कथित रूप से की जा रही छेड़छाड़, मनरेगा योजना को कमजोर किए जाने का मुद्दा, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूती प्रदान करना, आगामी आंदोलनों एवं राजनीतिक कार्यक्रमों की रणनीति तय करना तथा पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक सक्रिय बनाना रहा। बैठक के दौरान संगठनात्मक स्थिति की गहन समीक्षा करते हुए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से संबंधित अलग-अलग रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि मतदाता सूची से छेड़छाड़ लोकतंत्र की जड़ों पर सीधा प्रहार है। भाजपा सरकार सत्ता के दुरुपयोग के बल पर चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास कर रही है, जिसे कांग्रेस पार्टी किसी भी हाल में सफल नहीं होने देगी। उन्होंने यह भी




कहा कि मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत निकाली जा रही जन-जागरण पदयात्रा गरीबों, ग्रामीणों मजदूरों और किसानों के अधिकारों की आवाज है, जिसके माध्यम से सरकार की जनविरोधी नीतियों को जनता के सामने बेनकाब किया जाएगा। यह पदयात्रा केवल रोजगार की मांग नहीं, बल्कि सम्मान, संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प है। उन्होंने दो टूक कहा कि पार्टी के कार्यक्रमों एवं बैठकों में लगातार अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारियों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई तय है, क्योंकि संगठन में पद सम्मान के साथ साथ जिम्मेदारी भी होती है। बैठक में मनरेगा बचाओ संग्राम को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर जनपद सुल्तानपुर में कांग्रेस नेताओं व कार्यकताओं द्वारा 20 किलोमीटर की जन-जागरण पदयात्रा निकाली जाएगी। इस पदयात्रा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती बेरोजगारी, मजदूरी भुगतान में देरी और मनरेगा के तहत काम के अवसर घटाए जाने जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। तय कार्यक्रम के अनुसार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 6-6 किलोमीटर की पदयात्रा आयोजित की गई। यह पदयात्रा 13 फरवरी को सदर (जयसिंहपुर), कादीपुर एवं सुल्तानपुर विधानसभा में तथा 14 फरवरी को इसौली एवं लंभुआ विधानसभा में निकाली जाएगी। कांग्रेस पार्टी ने स्पष्ट किया कि यदि मनरेगा और गरीबों के अधिकारों पर हो रहे हमले नहीं रुके तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। जिला कमेटी के प्रवक्ता सियाराम त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार जनविरोधी नीतियों के जरिए आम जनता की आवाज दबाने और उनके संवैधानिक अधिकारों को छीनने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए सड़क से लेकर सदन और प्रशासनिक स्तर तक संघर्ष करेगी। जिला उपाध्यक्ष अजय पांडेय गुड्डू व निकलेश सरोज ने कार्यकताओं से गांव-गांव और बूथ-बूथ जाकर जनता को जागरूक करने का आह्वान किया। बैठक में संगठनात्मक एकता, अनुशासन और बूथ स्तर पर मजबूती पर विशेष जोर दिया गया तथा कहा कि आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी जनता के मुद्दों को लेकर निर्णायक संघर्ष छेड़ेगी। बैठक के अंत में संगठनात्मक एकता, अनुशासन, बूथ स्तर पर मजबूती तथा लोकतांत्रिक मूल्यों और गरीबों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष को और तेज करने का सामूहिक संकल्प लिया गया। इस मौके पर उपाध्यक्ष अपरबल सिंह,आवेश अहमद, ममनून आलम, विजय पाल, ओम प्रकाश त्रिपाठी चौटाला, अरुण त्रिपाठी, इश्तियाक अहमद, विभु पांडे, नंदलाल मोर्य, चंद्रभान सिंह, देवेंद्र पांडे, हाजी इरफान, प्रदीप सिंह जनेश्वर उपाध्याय राजदेव पाल मनीष तिवारी इंद्रकेश शर्मा आदि पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## सामाजिक व अराजनैतिक संगठन उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग महासभा के जिलाध्यक्ष बने राम अवतार वर्मा




अखंड भारत संदेश

**सुल्तानपुर । प्रदेश** में सामाजिक व अराजनैतिक संगठन के रूप में स्थापित उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग महासभा के जिलाध्यक्ष के रूप में राम अवतार वर्मा को सर्वसम्मति से चुना गया है। आज सिविल लाइन स्थित संगठन के कार्यालय पर कमेटी की बैठक हुई, जिसमें यह निर्णय लिया गया।
नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राम अवतार वर्मा ने कहा कि वह संगठन के विस्तार और मजबूती पर काम करेंगे। उन्होंने बताया कि आगामी 22 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पूरे जोश खरोश के साथ मनाई जाएगी।
इस मौके पर संरक्षक माता प्रसाद प्रजापति, राजकुमार,आरएस शर्मा,शिवकुमार, सर्वेश यादव, समाजसेवी व संगठन के वरिष्ठ हाजी हारून व श्रीनाथ वर्मा आदि मौजूद रहे। मंचासीन पदाधिकारियों ने निर्वाचित अध्यक्ष को शुभकामनायें देते हुए उत्साहवर्धन किया।

## सुल्तानपुर में हाईटेंशन तार से युवक की मौत: डीजे पर वीडियो बनाते समय करंट लगा

अखंड भारत संदेश

**सुल्तानपुर । एक** शादी समारोह के दौरान हाईटेंशन तार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के बढ़ौनाडीह गांव में उस समय हुई जब बारात निकल रही थी जानकारी के अनुसार, बढ़ौनाडीह निवासी गंगा प्रसाद के पुत्र की बारात कादीपुर के मंगरावा गांव जा रही थी। बारात घर से निकलते ही डीजे पर नाच-गाना शुरू हो गया। इसी दौरान गांव निवासी संतोष कुमार का 25 वर्षीय पुत्र शिवा डीजे पर चढ़कर वीडियो बनाने लगा। तभी वह ऊपर से गुजर रहे हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया।शिवा को बचाने के लिए पाखरपुर जलालपुर अम्बेडकर नगर निवासी सत्य गौड़ उर्फ रंजीत दौड़ा, लेकिन वह भी करंट की



चपेट में आकर घायल हो गया। घटना से मौके पर हड़कंप मच गया। स्थानीय
लोग तुरंत दोनों युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिगरपुर ले गए।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने शिवा को मृत घोषित कर दिया। वहीं, रंजीत की गंभीर हालत को देखते हुए उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज जारी है।
मोतिगरपुर थाना प्रभारी एके सिंह ने बताया कि मृतक शिवा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बजट: दूर-दूर तक नहीं दिखती विकास की राह

डॉ.इंदिरा हिरवे

**कई** जरूरी समस्याएं हैं जिन्हें बजट में शामिल नहीं किया गया है। सबसे पहले सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (माइक्रो, मीडियम एंड स्माल इंटरप्राइजेस- एमएसएमई) भारत में धन और आय की बढ़ती असमानताओं और जलवायु परिवर्तन से संबंधित हैं। एमएसएमई से भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (ईयू-भारत एफटीए)के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट के बारे में महत्वपूर्ण बात यह है कि उनका भाषण बहुत लंबा और मुद्दों पर प्रकाश डालने वाला कतई नहीं था। यह एक थका हुआ सा प्रयास मात्र प्रतीत होता है। लंबा होने के बावजूद भाषण व्यापक रणनीति या असंख्य योजनाओं और संख्याओं के अंतर्निहित समग्र दृष्टिकोण में गोता नहीं लगाता। इन अर्थों में हमने कई विषयों को सुना लेकिन विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय उथल-पुथल और घरेलू अर्थव्यवस्था पर इसके व्यापक प्रभावों के समय में आवश्यक उन महत्वपूर्ण दिशात्मक मुद्दों पर पर्याप्त स्पष्टता नहीं है। इसके बजाय वित्त मंत्री ने अलग-अलग योजनाओं पर खर्च की बारीकियां बताने में बहुत अधिक समय बिताया। नतीजा यह हुआ कि हम बजट की बड़ी तस्वीर के क्रियान्वयन के बारे में सुनने से चूक गए। मुख्य व्यय पूंजीगत वस्तुओं पर है। बजट में पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण पर 17.15 लाख करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव है। यह सकारात्मक है। कैपेक्स भविष्य के लिए बनाता है और एक ऐसा निवेश है जो दीर्घकालिक भौतिक संपत्ति प्रदान करने के लिए है। यह एक गुणक प्रभाव देता है और निजी निवेश को आकर्षित कर सकता है क्योंकि यह अर्थव्यवस्था में मांग को प्रोत्साहित करता है। जहां तक बजट व्यय का संबंध है, कुल व्यय में सबसे अधिक हिस्सा ब्याज भुगतान या ऋण सेवा 26.20 प्रतिशत पर है। इसके बाद रक्षा (14.67 प्रश), परिवहन (11.2 प्रतिशत) और नागरिक पेंशन (5.54 प्रतिशत) है। शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण पर (क्रमश:2.60,1.96 तथा 1.17 फीसदी) खर्च कम हैं। विकसित भारत पर जोर देने का स्वागत किया जाना चाहिए। कौन




नहीं चाहेगा कि भारत पूरी तरह से विकसित हो? फिर भी, इस विकास की दिशा के संदर्भ में बड़े सवाल बने हुए हैं। एक ऐसे भारत में विकास की प्रकृति क्या होनी चाहिए जहां असमानता की दर ऊंची है, स्वास्थ्य सेवाएं खराब हैं और शिक्षा के क्षेत्र में कई चुनौतियां हैं जिन्हें बार-बार उजागर किया गया है। विचार करें कि शिक्षा पर कुल प्रतिशत (केंद्र और राज्य का संयुक्त व्यय) सकल घरेलू उत्पाद का केवल 3.3 और स्वास्थ्य पर केवल 1.5 फीसदी है। यह चौंकाने वाले आंकड़े हैं, अविश्वसनीय है। यह एक स्वीकृत तथ्य है कि अस्वस्थ और कम शिक्षित आबादी के साथ देश कभी भी विकसित भारत के लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सकता। पिछले दशक में हमारा अनुभव बताता है कि जब तक दोनों क्षेत्रों को सरकार के प्रबंधन के तहत नहीं रखा जाता तब तक शिक्षा और स्वास्थ्य आबादी के निचले 40 प्रतिशत तक नहीं पहुंच सकता। इसके बावजूद हाल के वर्षों में मामले विपरीत दिशा में चले गए हैं और बजट इस पर साहसिक रुख अपनाने में असमर्थ रहा है या तैयार नहीं है। ध्यान दें कि स्वास्थ्य के निजीकरण को बढ़ावा देने की प्रवृत्ति वास्तव में उपचार की लागत बढ़ाने और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को कम करने के लिए काम करती है, न कि इसे विस्तारित करने के लिए है। अस्पतालों में निजी इक्विटी निवेश के उदय में यह सबसे अधिक दिखाई देता है।
पिछले साल के बजट की तुलना में इस चालू वर्ष में सभी केंद्र प्रायोजित योजनाओं पर खर्च बहुत कम है। यानी इन योजनाओं को सरकार द्वारा गंभीरता से नहीं लिया जाता। इन योजनाओं पर बजट में वृद्धि मामूली है। कोई भी यह कह सकता है कि मूल्य वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, कुल मिलाकर केंद्र की प्रायोजित योजनाओं पर खर्च लगभग स्थिर रहा है। यह उन योजनाओं की तस्वीर दिखाता है जो इरादे के मुताबिक या प्रचार के अनुरूप नतीजे नहीं दे सकतीं और न ही देंगी।
वैज्ञानिक विभागों पर खर्च बजट व्यय का मात्र 1.04 फीसदी है। विकसित भारत के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए साक्ष्य-आधारित उच्च गुणवत्ता वाले वैज्ञानिक प्रोत्साहन, वैज्ञानिक सोच और लोगों के सही दृष्टिकोण के निर्माण के प्रयासों में पर्याप्त निवेश नहीं होगा तो देश इन लक्ष्यों को कैसे प्राप्त करेगा? भारत अनुसंधान और विकास में अन्य उभरते देशों से बहुत पीछे है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए यह अल्प निवेश एक नकारात्मक सोच है। वास्तविक साक्ष्य से पता चलता है कि अनुसंधान पर जो पैसा खर्च किया गया है वह आधुनिक विज्ञान की सख्त मांगों और जरूरतों को पूरा नहीं कर सकता। एक उचित आवंटन और चेतावनी भरी टिप्पणी के साथ यह निर्देशित किया जाना चाहिए कि यह पैसा कहां जाएगा, तभी इस गिरावट को ठीक करने में मदद मिलेगी। इसके अलावा और भी कई जरूरी समस्याएं हैं जिन्हें बजट में शामिल नहीं किया गया है। सबसे पहले सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (माइक्रो, मीडियम एंड स्माल इंटरप्राइजेस- एमएसएमई) भारत में धन और आय की बढ़ती असमानताओं और जलवायु परिवर्तन से संबंधित हैं। एमएसएमई से भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (ईयू-भारत एफटीए)के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। यूरोपीय संघ-भारत एफटीए के अमलीकरण के संबंध में कई चुनौतियां हैं। ये विशेष रूप से गैर-टैरिफ बाधाओं से संबंधित हैं- एफटीए के लिए आवश्यक है कि माल का उत्पादन मानक गुणवत्ता का होना चाहिए। साथ ही माल का उत्पादन बाल श्रम के उपयोग के बिना होना चाहिए।

# किसान समस्याओं को लेकर भाकियू ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले सोमवार को सैकड़ों किसानों ने जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन किया । जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने संज्ञान लेते हुए भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए समस्याओं को विस्तार से जाना । साथ ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता से समस्या निस्तारण कराने के निर्देश दिए। भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने जिलाधिकारी पुलकित गर्ग से किसानों की फसल बचाने की मांग करते हुए कहा कि जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में किसान एवं आम जनमानस बंदरों एवं वनरोजों के आतंक से परेशान हैं । बुंदेलखंड दलहन, तिलहन का क्षेत्र हुआ करता था। आज तिलहन खत्म होता जा रहा है । जिसका सबसे बड़ा कारण बंदर एवं वनरोज हैं । किसानों की चना, अरहर, गेहूं, सब्जियां जैसी मुख्य फसलें बड़े पैमाने में बंदर और वनरोज से नष्ट कर रहे हैं। घरों में बच्चों, महिलाओं का भोजन करना मुश्किल हो गया है और बच्चों स्कूल एवं खेतों में जाने में डर लगता है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि गौशालाओं से जानवरों को न छोड़ा जाए । जिससे किसान जायद की फसलों को बढ़ावा दे सकें। साथ ही ओला, अतिवृष्टि से हुई फसल क्षति के लिए किसानों को मुआवजे एवं विद्युत विभाग के देहरुच व गनीवां उपकेन्द्र से आपूर्ति ठीक न होने की समस्या किसानों ने बताई।जिस पर जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं पर गहनता से कार्य करते हुए समस्याओं का निदान कराने के निर्देश दिए। साथ ही शासन स्तर पर बंदरों की समस्याओं को लेकर एक बड़ी कार्य योजना बनाई जाने के लिए पत्राचार करने का आश्वासन दिया। डीएम से वार्ता के बाद किसानों ने एक दिवसीय धरना समाप्त कर दिया। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष छेदीलाल सिंह, ओमनारायण गर्ग, युवा बिंग जिलाध्यक्ष अर्जुन सिंह, महामंत्री सिद्धार्थ विक्रम सिंह, जिला महामंत्री अरुण कुमार पाण्डेय, शिवदयाल सिंह बघेल, नीलकंठ द्विवेदी, सदर तहसील अध्यक्ष डुप्ले पटेल, अश्विनी कुमार, राजा पटेल, नरेश तिवारी, विनय त्रिपाठी, ब्लॉक अध्यक्ष नरेश सिंह, बबलू श्रीवास, घनश्याम पाल, श्रीराम कुशवाहा, तहसील अध्यक्ष राजकिशोर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, अनिल सिंह, संदीप पटेल, मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह सहित सैकड़ों किसान उपस्थित रहे।



## मऊ में भागवत कथा से पहले कलश यात्रा : अटल नगर से शुरू होकर मां आनंदी मंदिर तक निकाली गई

**चित्रकूट।** सोमवार को जिले की मऊ नगर पंचायत के अटल नगर मोहल्ले में श्रीमती भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कथा के शुभारंभ से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

यह कलश यात्रा अटल नगर से शुरू होकर पूरे बाजार से गुजरी। इसके बाद मां आनंदी मंदिर, कटिया के बरम बाबा और जमुना नदी के किनारे तक पहुंची। यात्रा में शामिल भक्त गाजे-बाजे और डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए चल रहे थे।

कलश यात्रा के पुनः अटल नगर पहुंचने के बाद भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस भागवत कथा का वाचन पंडित वंशी नन्दन राधे शुक्ल महाराज (गुरुजी) कर रहे हैं।मुख्य यजमानों में श्रीमती शकुन्तला देवी शामिल हैं। आयोजन में ओम गौतम, प्रेमचन्द्र गौतम, उमाशंकर गौतम, सन्त लाल गौतम, राजेश गौतम, दिलीप गौतम, भारत भूषण गौतम, रजनीश गौतम, शिवगोविन्द गौतम, मामा-बालेश्वर पाण्डेय, रामेश्वर पाण्डेय और कथा व्यास बालमुकुन्द उर्फ प्रभाकर गौतम सहित समस्त गौतम परिवार सक्रिय रूप से सहयोग कर रहा है।

## मानिकपुर पुलिस ने मासूम को परिजनों से मिलाया

**चित्रकूट।** चित्रकूट के मानिकपुर थाना क्षेत्र में एक 6 वर्षीय लापता बच्चे को पुलिस ने तीन घंटे के भीतर उसके परिजनों से मिला दिया। यह कार्रवाई 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत की गई, जिससे बच्चे की सकुशल वापसी सुनिश्चित हुई। सोमवार, 9 फरवरी 2026 को दोपहर करीब 12 बजे समाजवादी पार्टी नगर अध्यक्ष कृतकेश्वर मिश्रा (शीटू) एक बालक को मानिकपुर थाने लेकर पहुंचे। उन्होंने पुलिस को बताया कि बच्चा कस्बे में अकेला मिला था और अपने माता-पिता से बिछड़ गया था। पूछताछ में बच्चे ने अपना नाम दिव्याकांत, पिता का नाम दीपक, भाई का नाम रवि और दादी का नाम सुशीला बताया। उसने यह भी जानकारी दी कि उसका भाई विद्या धाम स्कूल में पढ़ता है, लेकिन इससे अधिक विवरण वह नहीं दे सका। सूचना मिलते ही मानिकपुर थाना पुलिस ने 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत तत्काल बच्चे के परिजनों की तलाश शुरू की। पुलिस टीम ने कस्बे में गहन खोजबीन की और लगातार प्रयास किए। करीब तीन घंटे की तलाश के बाद मानिकपुर निवासी मनोज कुमार पुत्र रामबदन खंगार मिले। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी बहन सुशीला का पोता दिव्याकांत एक कार्यक्रम के दौरान उनसे बिछड़ गया था। बच्चे ने मनोज कुमार और उनके साथ आए लोगों को पहचान लिया, जिससे पहचान की पुष्टि हुई। पहचान प्रमाणित होने के बाद पुलिस ने मासूम दिव्याकांत को सकुशल उसके रिश्तेदार मनोज कुमार को सौंप दिया। इस पूरे कार्य को सफल बनाने में उपनिरीक्षक शैलेंद्र पाण्डेय, शरद सिंह और अंशू सैनी सहित मानिकपुर थाना टीम की अहम भूमिका रही। बच्चे के सुरक्षित मिलने पर परिजनों ने मानिकपुर पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

## एम. आर. टीकाकरण अभियान के प्रति होनी चाहिए सामाजिक जागरूकता

**चित्रकूट।** मुख्य चिकित्साधिकारी डा भूपेश द्विवेदी ने कहा कि जिले के समस्त वास्तुशिल्प, संरचनात्मक एवं नागरिकों को खसरा रूबेला (एम. आर.) टीकाकरण अभियान में सक्रिय सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। यह अभियान हमारे बच्चों को गंभीर एवं पर्यावरणीय परिस्थितियों से सुरक्षित रखने की योजना बना रहा है,खसरा (मीजल्स) / रूबेला (रूबेला) के लक्षण-खसरे के कारण तेज बुखार, खाँसी, नाक बहना, आँखों में लालिमा और पूरे शरीर पर दाने होते हैं। समय पर उपचार न मिलने पर यह रोग मलेरिया, डायरिया, अँधेरापन और यहाँ तक कि मृत्यु का कारण भी बन सकता है। रूबेला बच्चों में विकलांगता, बहरापन या हृदय रोग जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। समस्या का मूल कारण की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों का पूरा टीकाकरण न होना,अफवाहें एवं गलत धारणाओं के चलते कुछ बच्चे टीकाकरण से छूट जाते हैं। ऐसे में कक्षा 1 से लेकर 5 तक के सभी बच्चों के लिए यह टीका पूरी तरह से सुरक्षित, प्रभावी और मुफ़्त है।

टीकाकरण सत्र 16 फरवरी से 27 फरवरी तक शैक्षिक संस्थानों में स्वास्थ्य परीक्षण आयोजित किये जा रहे हैं। बच्चों का स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे में टीकाकरण के प्रति सभी को जागरूक रहना चाहिए।

उन्होंने सभी धार्मिक, सामाजिक विद्वानों से भी कहा है कि वह लोग इस जन-अभियान में सहयोग करें और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें।

# वित्तीय साक्षरता के लिए रवाना किया गया जागरुकता रथ

**अखंड भारत संदेश**




**चित्रकूट ।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्राप्त निदेशों के क्रम में पूरे भारत वर्ष में नौ से 13 फरवरी तक वित्तीय साक्षरता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद चित्रकूट में अग्रणी जिला प्रबंधक के दिशा निर्देशन में वित्तीय साक्षरता रथ कलेक्टरेट से रवाना किया गया।

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने इस रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया । इस मौके पर अग्रणी जिला प्रबंधक अनुराग शर्मा ने बताया कि यह जागरुकता रथ जनपद के विभिन्न ब्लॉक एवं तहसीलों से गुजरते हुए आमजनमानस को कार्यक्रम की थीम *ह्लङउ - सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम ह्व* से अवगत कराते हुए सुरक्षित लेन-देन अपनाने, ङउ अपडेट किए जाने की सरल प्रक्रिया को जानने एवं डिजिटल अरेस्ट जैसे- झूठी धमकियों के बारे में सचेत करेगा। इस पूरे सप्ताह के दौरान सभी बैंक शाखा स्तर पर भी जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन करेगें और आमजनमानस की शंकाओं का समाधान करते हुए उन्हें बैंकों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं बैंकिंग प्रणाली के और अधिक सावधानी पूर्ण तरीके से उपयोग किये जाने के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया जाएगा।

## कश्मीर के वेद विद्यार्थियों ने किया नाटक का मंचन, चित्रकूट में 'ब्रह्म सत्यम जगत मिथ्या' को जीवंत किया, दर्शकों ने सराहा



**चित्रकूट।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में स्थित चूड़ामणि संस्कृत संस्थान के वेद विद्यार्थियों ने चित्रकूट धाम में 'ब्रह्म सत्यम जगत मिथ्या' नाटक का मंचन किया। इस प्रभावशाली प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने आदि शंकराचार्य द्वारा प्रतिपादित ब्रह्म-तत्व और कर्म-ज्ञान के शास्त्रार्थ को मंच पर जीवंत कर दिया। चूड़ामणि संस्कृत संस्थान की स्थापना वर्ष 2003 में बसौली, जम्मू-कश्मीर में स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ महाराज द्वारा की गई थी। संस्थान के प्राचार्य डॉ. सुमानंद महापात्र के अनुसार, गुरुकुल का उद्देश्य संस्कृत भाषा और सनातन धर्म परंपरा की सुरक्षा करना है।

जम्मू-कश्मीर के डीआईजी शक्ति कुमार पाठक संस्थान के न्यासी हैं। उनके पिता, स्वर्गीय प्रो. उत्तम चंद्र पाठक शास्त्री ने कश्मीर को संस्कृत और संस्कृति के माध्यम से नई पहचान दिलाने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास किए थे। वर्तमान में गुरुकुल में लगभग 50 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं और संस्थान का निरंतर विस्तार हो रहा है। सामाजिक सहयोग से संचालित यह गुरुकुल अपने वेद विद्यार्थियों के साथ चित्रकूट धाम पहुंचा। यहां वैदिक मंगलाचरण और वेद मंत्रों के उच्चारण से वातावरण आध्यात्मिक हो गया।

नाटक का केंद्रीय विषय आदि शंकराचार्य और मंडन मिश्र के बीच हुआ तत्वज्ञान का शास्त्रार्थ था। विद्यार्थियों ने कर्म और ज्ञान के द्वंद्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने 'ब्रह्म सत्यम जगत मिथ्या' सिद्धांत को सरल और स्पष्ट तरीके से दशार्या, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह विशेष आयोजन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक चल रहा है। चित्रकूट-बांदा के पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि सनातन संस्कृति को बचाए रखना एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने इस आयोजन को सनातन धर्म की रक्षा और उसकी स्वीकार्यता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

इस पूरे कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु, प्रबुद्धजन, राजनीतिक दलों से जुड़े लोग और समाजसेवी उपस्थित रहे। आयोजन की व्यवस्थाएं पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, पूर्व विधायक दिनेश मिश्र, भाजपा नेता आनंद त्रिपाठी और समाजसेवी अरुण तिवारी द्वारा संभाली जा रही थीं। कार्यक्रम का संचालन रामलाल द्विवेदी प्राणेश ने किया।

## चित्रकूट में शिव-शक्ति महायज्ञ का आयोजन, शंकराचार्य के सान्निध्य में 15 तक राजराजेश्वरी महाआराधना



**चित्रकूट।** चित्रकूट में 7 फरवरी से 15 फरवरी 2026 तक श्री शिवशक्ति महायज्ञ एवं राजराजेश्वरी महाआराधना का आयोजन हो रहा है। यह आयोजन श्री शंकराचार्य विजयतेतराम की पुण्य परंपरा को आगे बढ़ाएगा। यह दिव्य आयोजन पूर्वाम्नाय गोवर्धनमठ पुरी पीठाधीश्वर, जगद्गुरु शंकराचार्य अनंतश्री विभूषित स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ जी महाराज के पावन सान्निध्य में संपन्न होगा। उनके मार्गदर्शन में वेद, उपनिषद और शाक्त परंपरा की अखंड धारा पुनः प्रवाहित होगी। जगद्गुरु शंकराचार्य जी ने इस अवसर पर कहा कि जब समाज धर्म से विमुख होता है, तब ऐसे महायज्ञ सनातन आत्मा को पुनर्जीवित करते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शिव चेतना और शक्ति उपासना के बिना जीवन अपूर्ण है, और राष्ट्र तभी सशक्त होगा जब उसकी जड़ें धर्म में दृढ़ होंगी। यज्ञशाला में गूंजते वैदिक मंत्रों, अग्नि में अर्पित आहुतियों और देवी स्तुति से संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से आलोकित हो उठा है। आदि शंकराचार्य की दिव्य छवि और मां राजराजेश्वरी की महिमा श्रद्धालुओं के हृदय में आस्था की ज्योति प्रज्वलित कर रही है।

इस आयोजन को लेकर संत समाज, विद्वान आचार्य और हजारों श्रद्धालुओं में गहरा उत्साह देखा जा रहा है। इस दिव्य आयोजन में समाजसेवी अरुण तिवारी, पूर्व विधायक दिनेश मिश्रा, बांदा-चित्रकूट सांसद कृष्णा पटेल और उनके पति पूर्व मंत्री शिव शंकर पटेल सहित कई गणमान्य व्यक्ति तथा स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



# बांग्लादेश की जनता का गुस्सा फिर से सड़कों पर दिख रहा

## अपने खिलाफ प्रचंड प्रदर्शन देखकर दुबक गये मुहम्मद यूनुस



**बांग्लादेश**

**बांग्लादेश** की राजधानी ढाका एक बार फिर उबल पड़ी जब अंतरिम शासन के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के खिलाफ सरकारी कर्मचारियों का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। सैकड़ों कर्मचारी नौवां राष्ट्रीय वेतनमान लागू करने की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे और तीखे नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि पेट में अन्न नहीं, विकास केवल बातों में है और अन्याय का हिसाब खून से होगा।

शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े दस बजे शाहबाग क्षेत्र से जुलूस निकला और जामुना स्थित मुख सलाहकार आवास की ओर बढ़ा। रास्ते में कई जगह बैरिकेड लगाए गए, पर भीड़ ने धक्का देकर आगे बढ़ने की कोशिश की। हालात बिगड़ते देख सुरक्षा बलों ने पानी की बौछार, आंसू गैस और ध्वनि बम का सहारा लिया। इसके बावजूद कुछ समय के लिए प्रदर्शनकारी जामुना तक पहुंच गए। बाद में सुरक्षा कड़ी कर क्षेत्र खाली कराया गया। सबसे तीखे टकराव जामुना के बाहर हुए जहां कम से कम चालीस लोग घायल बताए गए। जब भीड़ ने बैरिकेड तोड़े तो लाठी चलानी पड़ी। इस विरोध में इंकिलाब मंच नाम का राजनीतिक समूह भी कूद पड़ा, जो यूनुस के विरोध के लिए पहले से जाना जाता है। उसके सह संस्थापक शरीफ उस्मान हादी की 18 दिसंबर को मौत हो गई थी, जिन्हें ढाका में सिर में गोली लगी थी। इंकिलाब मंच संयुक्त राष्ट्र की अगुवाई में निष्पक्ष जांच की मांग कर रहा है और उसी मांग के साथ वह सरकारी कर्मचारियों के साथ जुड़ गया।

जामुना से हटाए जाने के बाद प्रदर्शनकारी दोपहर के आसपास एक बड़े अंतरराष्ट्रीय होटल के पास फिर जमा हुए और नारेबाजी जारी रखी। वहां से जामुना की ओर जाने वाले रास्तों पर अतिरिक्त बल तैनात किया गया। हालात पर नजर रखने के लिए पुलिस महानिरीक्षक बहारुल आलम और ढाका महानगर पुलिस आयुक्त शेख सज्जात अली समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। सुरक्षा घेरे के बीच विरोध सीमित रूप में चलता रहा।

हम आपको बता दें कि विरोध का मूल कारण नौवां राष्ट्रीय वेतनमान है। हाल ही में वेतन आयोग ने नई सिफारिशें दी हैं, पर उन्हें अभी राजपत्र में जारी नहीं किया गया। कर्मचारियों को डर है कि अगर फैसला भावी निर्वाचित शासन पर छोड़ दिया गया तो लागू होने में फिर देर होगी। प्रस्तावित ढांचे में न्यूनतम वेतन बीस हजार टका और उच्चतम वेतन एक लाख साठ हजार टका रखने की बात है। इससे पहले 2015 के आठवें वेतनमान में न्यूनतम वेतन आठ हजार दो सौ पचास टका और उच्चतम वेतन 78 हजार टका था। नया ढांचा न्यूनतम और उच्चतम वेतन के अंतर को कम कर असमानता घटाने का दावा करता है।

यह सब ऐसे समय हो रहा है जब देश चुनाव की ओर बढ़ रहा है। यूनुस प्रशासन ने कहा कि कई विदेशी पत्रकार और अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षक देश में पहुंच चुके हैं, इसलिए नागरिक शांति और जिम्मेदारी दिखाएं ताकि शांतिपूर्ण चुनाव संभव हो सके। पर सड़क पर उमड़ा गुस्सा बताता है कि जमीन पर बेचैनी गहरी है।

देखा जाये तो ढाका की सड़कों पर उठा यह धुआं केवल आंसू गैस का नहीं, शासन के भरोसे के जलने का धुआं है। जब सरकारी कर्मचारी, जो किसी भी देश की रीढ़ होते हैं, खुले टकराव पर उतर आएं तो समझ लेना चाहिए कि असंतोष सीमा पार कर चुका है। यूनुस की छवि विश्व मंच पर भले सधी हुई दिखे, पर घरेलू मोर्चे पर दरारें साफ दिख रही हैं। जामुना के बाहर सीधा विरोध प्रतीक है कि सत्ता का केंद्र अब सवालों के घेरे में है। इंकिलाब मंच जैसे समूहों का जुड़ना इस आग में राजनीतिक घी डाल रहा है। शरीफ उस्मान हादी की मौत की निष्पक्ष जांच की मांग ने विरोध को भावनात्मक धार दे दी है। इस घटनाक्रम का सामरिक महत्व भी कम नहीं है।

बांग्लादेश हिंद महासागर क्षेत्र, बंगाल की खाड़ी और दक्षिण एशिया की राजनीति में अहम कड़ी है। वहां अस्थिरता का असर सीमाओं, व्यापार, समुद्री मार्गों और क्षेत्रीय संतुलन पर पड़ता है। यदि चुनाव से पहले अविश्वास बढ़ा, तो आंतरिक ध्रुवीकरण बढ़ेगा और राज्य तंत्र की क्षमता पर चोट लगेगी। एक कमजोर प्रशासन न तो अर्थव्यवस्था संभाल पाता है, न सुरक्षा। देखा जाये तो समाधान सीधा है पर साहस मांगता है। वेतनमान पर साफ समय सीमा, पारदर्शी निर्णय और हादी मामले पर विश्वसनीय जांच से ही भरोसा लौटेगा। डंडे और ध्वनि बम से भीड़ हट सकती है, असंतोष नहीं। अगर शासन ने संकेत नहीं समझे तो यह चेतावनी कल बड़े संकट में बदल सकती है। लोकतंत्र केवल चुनाव से नहीं, न्याय और उत्तरदायित्व से चलता है। ढाका की सड़कें यही याद दिला रही हैं।

# हमलावर के दो भाई और एक महिला गिरफ्तार, अफगानिस्तान तक जुड़े हैं हमले के तार

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** की पुलिस ने शुक्रवार को इस्लामाबाद की एक शिया मस्जिद पर हुए आत्मघाती हमले के सिलसिले में खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर में दो पुरुषों और एक महिला को गिरफ्तार किया है। पाकिस्तान की राजधानी में शुक्रवार की नमाज के दौरान शिया समुदाय की मस्जिद में आत्मघाती हमलावर द्वारा खुद को विस्फोट में उड़ा लेने से कम से कम 31 लोग मारे गए और 169 लोग घायल हो गए। यह हमला हाल के वर्षों में शिया समुदाय को निशाना बनाकर किए गए सबसे भीषण आतंकी हमलों में से एक है।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार देर रात चलाए गए अभियान के दौरान कथित आत्मघाती हमलावर के दो भाइयों और एक महिला को गिरफ्तार किया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। जांच अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार लोगों से बरामद पहचान पत्र के आधार पर हमलावर की पहचान यासिर के रूप में स्थापित करने में मदद मिली, जो पेशावर का रहने वाला था।



जांचकताओं ने यह भी खुलासा किया है कि इस्लामाबाद में हुए आत्मघाती बम विस्फोट से पहले, हमलावर लगभग पांच महीने तक अफगानिस्तान में रहा था, जहां उसने कथित तौर पर हथियारों के इस्तेमाल और आत्मघाती हमलों का औपचारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया था। इस खुलासे के बाद, जांच एजेंसियों ने अपना ध्यान हमले के पीछे सक्रिय नेटवर्क की पहचान करने और उससे निपटने पर केंद्रित किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हमलावर के संभावित मददगारों और संपर्कों की पहचान करने के लिए पेशावर और नौशेरा में और छापेमारी की जा रही है।

## बातचीत और सैन्य दबाव साथ-साथ जारी

**अमेरिका**

**अमेरिका** और ईरान के बीच तनाव चरम पर है, क्योंकि ट्रंप प्रशासन एक साथ दोहरी रणनीति अपना रहा है, जिसमें पश्चिम एशिया में सैन्य मौजूदगी बढ़ाना और ओमान की मध्यस्थता में अप्रत्यक्ष बातचीत करना शामिल है। हालांकि, इन वाताओं के एजेंडे और सैन्य कार्रवाई के असली मकसद को लेकर अस्पष्टता बनी हुई है, जिससे अमेरिकी नीति को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

तनावपूर्ण माहौल के बीच अमेरिका और ईरान के रिश्तों में फिर हलचल तेज हो गई है।

# ताइवान के पास चीन की बड़ी सैन्य हलचल



**ताइवान**

**ताइवान** के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने सुबह 6 बजे (स्थानीय समय) तक अपने क्षेत्रीय जलक्षेत्र के आसपास छह चीनी विमानों और सात नौसैनिक जहाजों की मौजूदगी का पता लगाया। इन छह में से पांच विमान ताइवान के दक्षिण-पश्चिमी और पूर्वी रक्षा क्षेत्र में प्रवेश कर गए। पर एक पोस्ट में, रक्षा मंत्रालय ने कहा कि आज सुबह 6 बजे तक ताइवान के आसपास PLA के 6 विमानों और ढछअठ के 7 जहाजों का पता चला। इनमें से 5 विमान ताइवान के दक्षिण-पश्चिमी और पूर्वी रक्षा क्षेत्र में प्रवेश कर गए। हमने स्थिति पर नजर रखी और कार्रवाई की।

इससे पहले शुक्रवार को, रक्षा मंत्रालय ने PLA के 8 विमानों और PLAN के 6 जहाजों का पता लगाया था। इनमें से 6 विमान मध्य रेखा पार करके ताइवान के दक्षिण-पश्चिमी और पूर्वी रक्षा क्षेत्र में प्रवेश कर गए। पर एक पोस्ट में, रक्षा मंत्रालय ने कहा, "आज सुबह 6 बजे तक ताइवान के आसपास ढछअ के 8 विमानों और ढछअठ के 6 जहाजों का पता चला। इनमें से 6 विमानों ने मध्य रेखा पार की और ताइवान के दक्षिण-पश्चिमी और पूर्वी रक्षा क्षेत्र में प्रवेश किया। हमने स्थिति पर नजर रखी और जवाबी कार्रवाई की।" बुधवार को जब संयुक्त राज्य अमेरिका ने महत्वपूर्ण खनिजों पर कई देशों की बैठक बुलाई, जिसे चीन के लगभग प्रभुत्व से खुद को बचाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है, तब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बात की। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में शी जिनपिंग के साथ अपनी बातचीत का जिक्र किया, अप्रैल में चीन की अपनी यात्रा की पुष्टि की और कहा कि चीन के साथ संबंध बेहद अच्छे हैं।

# बड़ी कूटनीतिक जीत! डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर लगा 25% टैरिफ हटाया



**अमेरिका**

**भारत** और अमेरिका के बीच रिश्तों में एक नया अध्याय जुड़ गया है, जिसे वैश्विक राजनीति में भारत की एक बड़ी कूटनीतिक जीत के रूप में देखा जा रहा है। भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों में एक बड़ी सफलता देखने को मिली है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत से आयातित वस्तुओं पर लगाए गए 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क (टैरिफ) को तत्काल प्रभाव से हटाने का निर्णय लिया है। यह निर्णय भारत द्वारा रूस से तेल आयात कम करने और अमेरिका के साथ ऊर्जा व रक्षा संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता के बाद लिया गया है।

उन्होंने कहा कि भारत ने इस दिशा में उल्लेखनीय कदम उठाए हैं और उसने (भारत ने) रूस से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से तेल आयात बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है। ट्रंप ने शुक्रवार को एक कार्यकारी आदेश में कहा, ह्यह्यमुझे वरिष्ठ अधिकारियों से कार्यकारी आदेश 14066 में वर्णित राष्ट्रीय आपातकाल से निपटने के लिए भारत के प्रयासों के संबंध में अतिरिक्त जानकारी और सिफारिशें प्राप्त हुई हैं। विशेष रूप से, भारत ने रूसी संघ से तेल का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष आयात बंद करने की प्रतिबद्धता जताई है। भारत ने यह स्पष्ट किया है कि वह अमेरिका से ऊर्जा उत्पाद खरीदेगा और हाल में अगले 10 वर्षों में रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए अमेरिका के साथ एक रूपरेखा पर सहमति व्यक्त की है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें दी गई जानकारी और सिफारिशों पर विचार करने के बाद उन्होंने यह निष्कर्ष निकाला कि कार्यकारी आदेश 14066 में वर्णित राष्ट्रीय आपातकाल से निपटने।

# अमेरिका की धमकी पर कनाडा और फ्रांस का पलटवार

**अमेरिका**

**कनाडा** और फ्रांस ने शुक्रवार को ग्रीनलैंड की राजधानी में अपने राजनयिक वाणिज्य दूतावास खोले। यह कदम उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सहयोगी देश डेनमार्क और आर्कटिक द्वीप ग्रीनलैंड के समर्थन के रूप में देखा जा रहा है, खासकर ऐसे समय में जब अमेरिका अर्ध-स्वायत्त डेनिश क्षेत्र यानी ग्रीनलैंड पर नियंत्रण हासिल करने का प्रयास कर रहा है।

कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने नुक में आधिकारिक रूप से देश के वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया। इस मौके पर कनाडा का मैपल-लीफ झंडा फहराया गया और वहां मौजूद लोगों ने ओ कनाडा गीत गाया। आनंद ने कहा, आज इस झंडे को फहराने और औपचारिक रूप से वाणिज्यि दूतावास खोलने का महत्व यह है कि हम ग्रीनलैंड और डेनमार्क के लोगों के साथ कई मुद्दों पर एकजुट होकर खड़े रहेंगे ह्र फ्रांस के विदेश मंत्रालय ने बताया कि ज्यां-नोएल पोइरियर ने शुक्रवार को महावाणिज्य दूत के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया।



इससे फ्रांस ग्रीनलैंड में महावाणिज्य दूतावास स्थापित करने वाला यूरोपीय संघ का पहला देश बन गया है। फ्रांस ने कहा कि यह निर्णय जून में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की यात्रा के दौरान लिया गया था। कनाडा ने 2024 में ही ग्रीनलैंड में वाणिज्य दूतावास खोलने का वादा किया था, यानी ट्रंप के हालिया ह्यह्यअधिग्रहणह्यह्य संबंधी बयानों से पहले। लेकिन खराब मौसम के कारण उद्घाटन टल गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले महीने घोषणा की थी कि वह डेनमार्क और उन सात अन्य देशों पर नए शुल्क लगाएंगे।

# बवाल के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने ओबामा पर नस्लवादी वीडियो हटाया

## लेकिन माफी मांगने से किया साफ इनकार

**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा का एक नस्लवादी वीडियो डिलीट कर दिया, जिसमें उन्हें बंदरों के रूप में दिखाया गया था। इस वीडियो को लेकर भारी विरोध हुआ था। हालांकि उन्होंने वीडियो डिलीट कर दिया, लेकिन रिपब्लिकन नेता ने माफी मांगने से इनकार कर दिया और कहा कि उन्होंने वीडियो का सिर्फ पहला हिस्सा देखा था, जो उनके अनुसार 2020 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों के बारे में 'झूठे दावों' का खंडन करने के लिए था।

वाशिंगटन से फ्लोरिडा जाते समय एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि वीडियो के अंत में कुछ ऐसा था जो लोगों को पसंद नहीं आया। मुझे भी वह पसंद नहीं आता, लेकिन मैंने उसे नहीं देखा... मैंने सिर्फ पहला हिस्सा देखा, और वह वास्तव में मतदाता धोखाधड़ी के बारे में था। उन्होंने कहा कि नहीं, मुझसे कोई गलती नहीं हुई। मेरा मतलब है... मैं हजारों चीजें देखता हूं, और मैंने इसकी शुरूआत देखी। वह ठीक थी। साथ ही यह भी जोड़ा कि वह वीडियो के नस्लवादी हिस्से की निंदा करते हैं।




एक मिनट का यह वीडियो गुरुवार देर रात अपलोड किया गया था, जिसमें 2020 के चुनावों में पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन से ट्रंप की हार को लेकर कथित साजिशों के बारे में बात की गई थी। वीडियो में ओबामा दंपति को लगभग एक सेकंड के लिए बंदरों के रूप में दिखाया गया था। इस वीडियो ने भारी विवाद खड़ा कर दिया, जिसके बाद व्हाइट हाउस ने कहा कि यह पोस्ट 'गलती से' किया गया था और इसे हटा दिया गया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने एक बयान में कहा कि यह एक इंटरनेट मीम वीडियो से लिया गया है जिसमें राष्ट्रपति ट्रंप को जंगल का राजा और डेमोक्रेट्स को 'द लायन किंग' के किरदारों के रूप में दिखाया गया है। कृपया इस तरह के झूठे आक्रोश को रोकें और आज उन मुद्दों पर रिपोर्ट करें जो वास्तव में अमेरिकी जनता के लिए मायने रखते हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
**प्रबन्धक**
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email: akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

# बम धमाके पर भारत ने जताई संवेदना, साथ ही पाकिस्तान को 'घर में पल रही बुराइयों' पर घेरा

**इस्लामाबाद**

**भारत** ने पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में एक शिया मस्जिद में हुए आत्मघाती हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। इस हमले में कम से कम 70 लोगों की मौत हो गई और 200 से अधिक घायल हुए हैं। भारत ने जहां एक ओर पीड़ितों और उनके परिवारों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की, वहीं दूसरी ओर इस हमले के लिए 'बाहरी ताकतों' को जिम्मेदार ठहराने के पाकिस्तान के प्रयास को सिरे से खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अपने समाज को परेशान करने वाली समस्याओं को दूर करने के बजाय, पाकिस्तान भ्रम में रहना पसंद करता है और अपनी "घरेलू बुराइयों" के लिए दूसरों को दोष देता है। शुक्रवार की नमाज के दिन एक शिया मस्जिद को निशाना बनाकर किए गए विस्फोट में कम से कम 70 लोग मारे गए और 200 से ज्यादा घायल हो गए।

विदेश मंत्रालय ने कहा, "आज इस्लामाबाद की एक मस्जिद में हुआ बम धमाका निंदनीय है, और भारत इसमें हुई जानमाल की हानि पर दुख व्यक्त करता है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अपने सामाजिक ताने-बाने को परेशान करने वाली समस्याओं को गंभीरता से दूर करने के बजाय, पाकिस्तान अपनी घरेलू बुराइयों के लिए दूसरों को दोष देकर खुद को धोखा देना चुनता है।" इसमें आगे कहा गया, "भारत ऐसे किसी भी आरोप को खारिज करता है, जो उतना ही आधारहीन है जितना कि व्यर्थ।"

इस्लामाबाद में आत्मघाती बम धमाके में 70 लोगों की मौत



अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान की राजधानी में एक शिया मस्जिद में एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को उड़ा लिया, जिसमें कम से कम 70 लोग मारे गए और 200 से ज्यादा घायल हो गए। यह समुदाय पर हाल के सबसे घातक हमलों में से एक है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि यह शक्तिशाली विस्फोट इस्लामाबाद के तरलाई इलाके में खदीजा अल कुबरा मस्जिद सह इमामबाड़ा में हुआ और इसकी आवाज काफी दूर तक सुनी गई।

पुलिस और चश्मदीदों के मुताबिक, हमलावर को इमामबाड़ा के गेट पर रोका गया था, लेकिन वह विस्फोटक उपकरण में विस्फोट करने में कामयाब रहा। किसी भी समूह ने तुरंत हमले की जिम्मेदारी नहीं ली। हालांकि, पुलिस सूत्रों ने कहा कि हमलावर एक विदेशी नागरिक था जिसके संबंध फितना अल ख्वाराजी से थे, यह शब्द तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

एक बयान में, टीटीपी के प्रवक्ता मुहम्मद खुरासानी ने किसी भी संलिप्तता से इनकार करते हुए कहा कि उसके उद्देश्य स्पष्ट हैं और पाकिस्तान के सुरक्षा संस्थानों और उनके सहयोगियों तक सीमित हैं। इस्लामाबाद कैपिटल टेरिटरी पुलिस के प्रवक्ता तकी जवाद ने कहा कि पुलिस महानिरीक्षक सैयद अली नासिर रिजवी के चचेरे भाई मारे गए लोगों में शामिल थे, जबकि पुलिस प्रमुख का एक और रिश्तेदार घायल हो गया।

चश्मदीदों के हवाले से जियो न्यूज ने बताया कि हमलावर ने खुद को उड़ाने से पहले पहले गोलीबारी की। टेलीविजन फुटेज में टूटे हुए कांच और मलबे के बीच फर्श पर लाशें पड़ी हुई दिखाई दीं। यह हमला पाकिस्तान में बढ़ती सांप्रदायिक हिंसा और सुरक्षा व्यवस्था की विफलता को दर्शाता है। भारत की तीखी प्रतिक्रिया यह स्पष्ट करती है कि सीमा पार से लगाए जाने वाले बेबुनियाद आरोपों को अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।